हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 166, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 8 दिसम्बर, 2022 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी


## 15 साल बाद MCD की सत्ता से भाजपा आउट, BJP को 104, AAP को 134 सीटें

### कांग्रेस को 9 और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत, केजरीवाल बोले- पीएम मोदी के आशीर्वाद से विकास करेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (MCD) में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का पत्ता साफ हो गया है। आम आदमी पार्टी (AAP) ने यहां बहुमत से जीत दर्ज की है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक 250 सीटों वाले MCD में AAP को 134 सीटें मिली हैं, जो बहुमत से 8 ज्यादा हैं। वहीं भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है। MCD में आप की जीत पर CM अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को बधाई दी। पार्टी ऑफिस में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- दिल्ली की जनता ने अपने बेटे और भाई को दिल्ली की सफाई और भ्रष्टाचार खत्म करने की जिम्मेदारी दी है। हमें केंद्र सरकार का भी सहयोग चाहिए। प्रधानमंत्री जी का भी आशीर्वाद चाहिए।



**संजय सिंह बोले- लोगों ने कट्टर ईमानदार को जिताया**- पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोला है। सिंह ने कहा- अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं, लोगों ने ईमानदार को जिताया है। भाजपा के किले को ध्वस्त करने का काम केजरीवाल ने किया। भाजपा अभी भी कह रही है मेयर हमारा होगा, जबकि उनकी 20-25 सीटें कम हैं। भाजपा खोखा पार्टी है। दिल्ली का मेयर भी हमारा होगा। मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी वालों 17 केंद्रीय मंत्री और 8 मुख्यमंत्री दिल्ली में लगाए, फिर भी जनता ने केजरीवाल को जिताया है। यह बहुत बड़ी जीत है।

वहीं, केजरीवाल सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों ने इतिहास रचा है। दिल्ली से नई शुरूआत हुई है। बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी। अब तक भाजपा कहती रही है कि केजरीवाल तो कांग्रेस को हराते हैं, लेकिन दिल्ली ने दिखा दिया कि भ्रष्टाचार का एक ही काल है। वह है केजरीवाल।

**दिग्गजों के क्षेत्र में आप पिछड़ी**- मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र में 4 सीटें हैं। भाजपा ने 3 पर जीत दर्ज की। आप के खाते में एक ही सीट आई। उधर, जेल में बंद सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्र में 3 वार्ड हैं। पार्टी तीनों पर भाजपा से हार गई। केजरीवाल के वार्ड नंबर 74 चांदनी चौक से पार्टी के उम्मीदवार पुनर्दीप सिंह ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया। उधर, आप विधायक अमानतुल्लाह के वार्ड नंबर 189 जाकिर नगर से कांग्रेस विजयी हुई।

### 30 सीटों पर हारते-हारते जीत गए प्रत्याशी कहीं 44 तो कहीं 54 वोट से बदली किस्मत

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। आम आदमी पार्टी को यहां स्पष्ट बहुमत मिला है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने 134 वार्डों में जीत हासिल की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने 104 सीटों पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस को महज नौ सीटों से संतोष करना पड़ा। वहीं तीन सीटें निर्दली प्रत्याशियों ने जीती हैं। इनमें से 30 वार्ड ऐसे हैं, जिन पर जीत-हार का अंतर 500 से भी कम का रहा। इन 30 में से 12 सीटें आप के खाते में गईं, वहीं 17 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। वहीं, एक सीट कांग्रेस के खाते में गई। इनमें तीन सीटें ऐसी रहीं, जहां जीत-हार का अंतर 100 वोट से भी कम का रहा। नगर निगम चुनावों में कई वार्ड ऐसे हैं, जहां 100 से भी कम वोटों से प्रत्याशियों को जीत मिली है। वार्ड नंबर 171-चितरंजन पार्क में आप उम्मीदवार आशु ठाकुर ने महज 44 वोटों से भाजपा के कंचन चौधरी को हराया है। वहीं वार्ड नंबर- 220 नंद नगरी में आप के रमेश कुमार ने भाजपा के केएम रिंकू को 54 वोटों से मात दी। इसी तरह वार्ड नंबर चार अलीपुर भाजपा प्रत्याशी योगेश ने आप को 91 वोटों से हराया। करीब नौ वार्ड ऐसे रहे जहां 200 से कम वोट से जीत-हार तय हुई। वार्ड नंबर 62 के शकूर पुर में भाजपा प्रत्याशी किशन लाल ने आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार को 104 वोटों से हराया। इसी तरह 181 नंबर मोलारबंदर वार्ड आप के हेमचंद गोयल ने 127 वोटों से जीत हासिल की है। 94 नंबर वार्ड से भाजपा की उर्मिला गंगवाल ने 146, देओली 161 नंबर वार्ड से भाजपा की अनीता ने 164, वार्ड नंबर 103-- केशोपुर में भाजपा के हरीश ओबेरॉय ने 176 वोटों से आप उम्मीदवार को हराया। पांच वार्डों में जीत और हार का अंतर 300 वोट से कम का रहा। इसमें संगम पार्क, पांडव नगर, दरियागंज, ईस्ट पटेल नगर और महिपालपुर में जीत-हार का अंतर 300 वोटों से कम का रहा। पांच में तीन में भाजपा तो दो में आप प्रत्याशी ने जीत हासिल की।

## जी-20 की मेजबानी भारत को मिलना एक बहुत बड़ा अवसर है : पीएम मोदी

### भारत वैश्विक मंच पर अपनी भागीदारी को बढ़ा रहा, दुनिया को भारत से अपेक्षाएं बढ़ी

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान दौनों सदनों की कुल 17 बैठकें होंगी। संसद की शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले पीएम मोदी ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को जी-20 का अवसर मिला है। दुनिया को भारत से अपेक्षाएं बढ़ी हैं। भारत वैश्विक मंच पर अपनी भागीदारी को बढ़ा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज शीतकालीन सत्र का पहला दिन है और ये सत्र काफी महत्वपूर्ण है।




उन्होंने कहा कि हम 15 अगस्त के पहले मिले थे, 15 अगस्त को आजादी का अमृत महोत्सव पूरा हुआ और हम अमृत काल में आगे बढ़ रहे हैं। संसद सत्र से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह सिर्फ एक डिप्लोमेटिक इवेंट नहीं है बल्कि भारत के सामार्थ्य को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का समय है। भारत को जी-20 की मेजबानी मिलने पर पीएम मोदी ने कहा कि जिस प्रकार से भारत से अपेक्षाएं बढ़ी हैं और जिस प्रकार से भारत वैश्विक मंच पर अपनी भागीदारी बढ़ाता जा रहा है ऐसे समय में जी-20 की मेजबानी भारत को मिलना एक बहुत बड़ा अवसर है। मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने पार्टी के नेताओं से आग्रह किया कि पहली बार सदन में आए नए सांसदों के उज्जवल भविष्य और लोकतंत्र की भावी पीढ़ी को तैयार करने के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा चर्चा करने का अवसर प्रदान किया जाए।

पीएम मोदी ने उम्मीद जताते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दल चर्चा को आगे बढ़ाएंगे और अपने विचारों से निर्णयों को नई ताकत देंगे। पीएम मोदी ने शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर बात करते हुए कहा कि इस सत्र में देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत को आगे बढ़ाने के नए अवसरों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय करने का प्रयास किया जाएगा। पीएम मोदी ने संसद में शोर-शराबे को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि मेरी सभी सांसदों से जब भी अनौपचारिक मुलाकातें हुई है वे कहते हैं कि सदन में शोर-शराबे के बाद सदन स्थगित हो जाता है, जिससे हम सासंदों का बहुत नुकसान होता। युवा सांसदों का कहना है कि सदन न चलने के कारण हम जो सीखना चाहते हैं वो सीख नहीं पाते हैं। सदन का चलना बेहद जरूरी है। राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पहली बार हमारे उपराष्ट्रपति (जगदीप धनखड़) राज्यसभा अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे।

## सीएम योगी बोले- यूपी को बनाएंगे नए भारत का ग्रोथ इंजन, सरकार का GIS 2023 में निवेश पर फोकस

लखनऊ। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर का आकार देने का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में कहा था कि हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बड़ी सोच के साथ काम कर रहे हैं। इसी सोच के तहत सरकार ने 33,769.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया।



वर्तमान वित्तीय वर्ष में अनुपूरक बजट समेत प्रदेश के कुल बजट का आकार लगभग साढ़े छह लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है जो कि 25 करोड़ की आबादी वाले उप्र जैसे विशाल राज्य को नए भारत का ग्रोथ इंजन बनाने की अपेक्षा के अनुरूप है। देश के जिन राज्यों की जनसंख्या उप्र की आबादी की आठवां, छठवां या चौथाई हिस्सा है, वे घाटे का बजट पेश कर रहे हैं जबकि उप्र राजस्व सरप्लस राज्य है। पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने लगातार अपने वित्तीय प्रबंधन का लोहा मनवाया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देते हुए भी हमने कभी राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम का उल्लंघन नहीं किया।

मुख्यमंत्री वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए पेश किये गए अनुपूरक बजट पर विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब दे रहे थे। उन्होंने अनुपूरक बजट में किये गए प्राविधानों का बिंदुवार उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश, औद्योगिकीकरण, नगरीय विकास और रोजगार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर का आकार देने के लिए धुरी साबित होंगे। अनुपूरक बजट इसी दिशा में उठाया गया कदम है। प्रदेश को निवेश का आकर्षक गंतव्य बनाने के मकसद से फरवरी में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का जिक्र करते हुए उन्होंने निवेश जुटाने के लिए सभी विधायकों से स्थानीय स्तर पर भी प्रयास करने की अपील की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों के सहयोग से अलग-अलग जिलों में अलग-अलग सेक्टर विकसित किये जा सकते हैं।

## बस्ती में तेज रफ्तार का कहर, स्कूली बस की चपेट में आने से छात्र की मौत, नाराज विद्यार्थियों ने किया सड़क जाम

बस्ती। बस्ती जिले के रुधौली-डुमरियागंज मार्ग पर सोनहा थाना क्षेत्र के सगरा चौराहे पर तेज रफ्तार स्कूली बस की चपेट में आने से स्कूल जा रहे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित छात्रों ने रुधौली- डुमरियागंज मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर छात्रों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। सोनहा थाना क्षेत्र के कोल्हुई गांव निवासी 19 वर्षीय छात्र मारूफ खान पुत्र फारुख हुसैन बुधवार की सुबह साइकिल से सोनहा थाना क्षेत्र के जीसी इंटर कॉलेज अहिरौला जा रहा था। वह कक्षा 11 में पढ़ता था। अभी वह सगरा चौराहे पर पहुंचा ही था कि डुमरियागंज से रुधौली की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्कूली बस की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयानक था कि दुर्घटनास्थल पर ही मारूफ की मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी होते ही सैकड़ों की संख्या में छात्र मौके पर पहुंच गए और सड़क जाम कर दिया। घटना की जानकारी होते ही प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवींद्र सिंह के साथ ही प्रभारी निरीक्षक रुधौली रामकृष्ण मिश्र, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। तीनो ने छात्रों को काफी समझाया बुझाया। स्कूली वाहन चालक की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद नाराज छात्र सड़क से हटने को तैयार हुए। इस



दौरान लगभग एक घंटा यातायात बाधित रहा। दिवंगत चार भाई व दो बहनों में चौथे नंबर का था। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बस को भी कब्जे में ले लिया गया है। दिवंगत के पिता की तहरीर पर बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी भी कर ली जाएगी।

## अखिलेश ने उपचुनाव के नतीजों से पहले इवीएम पर किए सवाल, डिप्टी सीएम केशव बोले- सपा के बयान हार का डर

लखनऊ। सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी विधानमंडल के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र को दो दिन बाद ही अनिश्चितकाल स्थगित करने पर भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती है कि सदन में उसकी खामियों पर चर्चा की जाए। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा, पहले तो तीन दिन का सदन बुलाया फिर दो दिन में ही सत्र समाप्त कर दिया, लगता है भाजपा चाहती ही नहीं है कि उसकी खामियों और भ्रष्टाचार पर बात हो। सदन के सत्र को कम करके भाजपा किस बात का सामना करने से बच रही है। इतना ही नहीं, अखिलेश ने मैनपुरी लोकसभा सीट, रामपुर व खतौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम आने से ठीक पहले एक बार फिर इवीएम राग अलापा। अखिलेश ने कहा कि जब जर्मनी ने EVM से चुनाव को असंवैधानिक मानते हुए 2009 में ही समाप्त कर दिया है तो उनकी विदेश मंत्री को एश्ट दिखाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है।



अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उपचुनाव के लिए सपा के बयान हार का डर है! बता दें कि पांच दिसंबर को तीन सीटों पर हुए मतदान का परिणाम कल यानी आठ दिसंबर को आना है। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर जीत को सपा ने अपनी साख का सवाल बना रखा है। बता दें कि इस सीट पर 1996 से सपा का दबदबा है। अब इस सीट से डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। सपा जहां हर हाल में मैनपुरी सीट को बचाना चाहती है, वहीं भाजपा इस सीट पर कमल खिलाने का ख्वाब देख रही है। इतना ही नहीं रामपुर और खतौली विधानसभा सीट पर भी भाजपा और सपा की कांटे की लड़ाई है। रामपुर सीट पर सपा नेता और पूर्व विधायक आजम खां ने समाजवादी पार्टी के करीबी असीम रजा मैदान में हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व RBI को नोटबंदी से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने को कहा, फैसला सुरक्षित


नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया कि वे सरकार के 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को अमान्य करने के फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करें। केंद्र के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली दलीलों के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, आरबीआई के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान सहित याचिकाकताओं के वकीलों की दलीलें सुनीं। जस्टिस बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागरथना की पीठ ने कहा, "हमने सुना और फैसला सुरक्षित रखा गया है। भारतीय संघ और भारतीय रिजर्व बैंक के वकीलों को संबंधित रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया जाता है।" एजी ने पीठ के समक्ष कहा कि वह सीलबंद लिफाफे में प्रासंगिक रिकॉर्ड जमा करेंगे। शीर्ष अदालत 8 नवंबर, 2016 को केंद्र की ओर से घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही थी।



## मुख्यमंत्री योगी से मिलीं मेलिंडा गेट्स, बोलीं- यूपी का कोविड प्रबंधन मॉडल दुनिया के लिए अनुकरणीय

लखनऊ। बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह-संस्थापक मिलिंडा गेट्स ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उत्तर प्रदेश आगमन पर मुख्यमंत्री योगी ने मिलिंडा गेट्स व उनके सहयोगियों का अभिनन्दन किया। विशेष मुलाकात में मिलिंडा गेट्स ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया।

मिलिंडा गेट्स ने कहा कि हाल के वर्षों में कोविड प्रबंधन और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर नियंत्रण के लिए उत्तर प्रदेश ने जैसा काम किया है, वह एक अनुकरणीय मॉडल है। कोविड की चुनौतियों के बीच यूपी के सघन जनसंख्या घनत्व और विविध सामाजिक चुनौतियों का सामना यहां के नेतृत्व ने जिस प्रकार किया वह अत्यन्त सराहनीय है। इतनी बड़ी और सघन आबादी के बीच वैक्सीनेशन का जैसा काम हुआ, उससे दुनिया को सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, पोषण, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण आदि क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश की कोशिशें प्रेरणा देने वाली हैं। उत्तर प्रदेश न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए मॉडल है। उत्तर प्रदेश के साथ फाउंडेशन के गहरे संबंधों की चर्चा करते हुए मिलिंडा गेट्स ने कहा कि स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम लंबे समय से यहां काम कर रहे हैं। यह खुशी की बात है कि समाज के



सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति तक हम सुविधा पहुंचाने में सफल हो पा रहे हैं। आने वाले समय मे हम यूपी के साथ अपने संबंधों को और बेहतर करने की मंशा रखते हैं। मिलिंडा गेट्स ने यूपी में प्रभावी ढंग से लागू डिजिटल बैंकिंग सिस्टम की भी सराहना की। मिलिंडा गेट्स ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की अपार संभावनाएं हैं। विगत वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर की बेहतरी के लिए जैसा कार्य किया है, वह अभूतपूर्व है। उत्तर प्रदेश का विकास शानदार है, उसकी दिशा सही है। इसकी जितनी सराहना की जाए, कम है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश में पोषण मिशन की सफलता की चर्चा करते हुए मिलिंडा गेट्स इसके लिए महिला स्वयंसेवी समूहों की भूमिका को सराहा, तो कृषि प्रधान देश के सबसे बड़े राज्य में एफपीओ के गठन को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए हो रही कोशिशों की प्रशंसा भी की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत की आजादी के अमृत वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दिसंबर 2022 से दिसंबर 2023 तक विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का सुअवसर मिला है। यह कालखंड पूरी दुनिया की सुख, समृद्धि और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बीएमजीएफ के कार्यों को उन्होंने नजदीक से देखा है। स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) का सराहनीय योगदान रहा है।

## मेहमान ने चॉकलेट देकर मासूम का किया कत्ल 15 दिन से युवक की खातिरदारी में जुटा था परिवार

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में मासूम का अपहरण कर हत्या की घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। अपहरण करने का मुख्य आरोपित दूर का रिश्तेदार है। ईद मोहम्मद के परिवारवाले करीब पंद्रह दिनों से मेहमान के रूप में उसका सत्कार कर रहे थे। उन्हें नहीं पता था कि जिस रिश्तेदार के आवभगत में पूरा परिवार लगा है, वह मासूम का कातिल निकलेगा। बच्चे के अपहरण से पहले वह बोतल में गर्म पानी लेकर घर से गया था। रामपुर कारखाना के पिपरा मदन गोपाल का रहने वाला मुख्य आरोपित अजहरुद्दीन करीब पंद्रह दिन पूर्व शहर के कसया बाईपास रोड कृष्णा कालोनी में ईद मोहम्मद के घर पहुंचा था। वह रिश्ते में ईद मोहम्मद की मां के मामा का पौत्र है। रिश्तेदार होने के नाते सभी ने उसका स्वागत किया। अजहरुद्दीन ने उन्हें बताया था कि वह शहर में किराये का मकान लेकर पढ़ाई करता है। इसलिए ईद मोहम्मद के स्वजन ने उसे शाम व सुबह भोजन करने के लिए कहा। मृतक नासिर के चाचा हदीश के मुताबिक, मुख्य आरोपित अजहरुद्दीन हर सुबह घर से निकल जाता था। शाम को आता था। रविवार को छुट्टी होने के कारण भतीजा नासिर घर पर मौजूद था। ईद मोहम्मद कहीं गए थे। मां शैरून्निशा, भाभी आसमा खातून पत्नी ईद मोहम्मद, व पत्नी फातमा व बहन काम में व्यस्त थे। कोई कपड़ा धो रहा था तो कोई घर के अन्य काम में व्यस्त था। मैं समारोह में भोजन बनाने गया था। मुख्य आरोपित अजहरुद्दीन ने इसका फायदा उठाया। पुलिस के अनुसार, अपहरण से पहले उसने बच्चे को चाकलेट दिया और फुसलाकर बाइक से उठा ले गया। मृतक के पिता ईद मोहम्मद के हिस्से में करीब पांच कट्ठा भूमि शहर के कसया बाईपास पर है। जिसकी कीमत डेढ़ से दो करोड़ रुपये है। पुलिस के अनुसार, आरोपित को जानकारी हुई थी कि ईद मोहम्मद एक कट्ठा भूमि 30 लाख रुपये में बेचने वाले हैं।

## संपादकीय

# असुविधा के अस्पताल

हालांकि बहुमंजिला इमारतों में अब आमतौर पर लिफ्ट या अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं, लेकिन अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिसमें सभी सुविधाओं से लैस कोई भवन बना तो दिया जाता है, मगर उसमें यह ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अगर किसी व्यक्ति के पांवों में दिक्कत है तो उसे ऊपरी मंजिलों पर या कहीं भी सीढ़ियां चढ़ने में किस परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यह अदूरदर्शिता और अव्यवस्था अगर कहीं अस्पतालों तक में दिखती है तो इसे एक विडंबना ही कहा जाना चाहिए। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दिव्यांगजनों के आने-जाने के लिए लिफ्ट या फिर सपाट सीढ़ी यानी रैंप के अभाव की खबर हैरान करने वाली है। सवाल है कि इसके निर्माण से लेकर अब तक इस पहलू पर गौर करना जरूरी क्यों नहीं समझा गया, जबकि अस्पतालों में इस तरह की व्यवस्था को अनिवार्य माना जाना चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पुस्तकालय में आने-जाने के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लिफ्ट और रैंप जैसी व्यवस्था नहीं की गई है। वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज के पुस्तकालय में जाने के लिए दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष टाइलों वाले रास्ते से लेकर अन्य दिव्यांगजनों के लिए जरूरी सुविधाओं का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा गया है। इसी तरह दिल्ली के जाने-माने अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय और अन्य सुविधाओं का अभाव है। किसी अस्पताल में लिफ्ट या रैंप के लिए जगह तो निर्धारित है, मगर सालों से यह सुविधा अधर में लटकी हुई है। इस वजह से किसी तरह की दिव्यांगता से दो-चार विद्यार्थियों को कैसी परेशानी से गुजरना पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। यों सरकारों का दावा हमेशा यही रहता है कि वह समूची आबादी का खयाल रखने के लिए हर संभव प्रयास करती है, मगर ऐसे दावों की हकीकत जमीन पर कुछ और ही होती है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में सभी इमारतों को इस दायरे में आने वाले लोगों के लिए सुलभ और अनुकूल बनाने के मद्देनजर पांच साल की समय सीमा दी गई थी। लेकिन अगर आज भी इस मसले पर आधे-अधूरे ढंग से काम हुआ है और इसका खमियाजा दिव्यांग लोगों को उठाना पड़ रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? विचित्र है कि दिल्ली देश की राजधानी है और यहां के अस्पतालों सहित सभी सार्वजनिक भवन या तो दिल्ली सरकार के तहत आते हैं या फिर केंद्र सरकार के। सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के मामले में दोनों ही सरकारें बढ़-चढ़ कर अक्सर दावे करती रहती हैं। लेकिन क्या कभी इन दावों में यह चिंता भी शामिल रहती है कि अस्पतालों में इलाज के लिए आने वालों से लेकर खुद उस परिसर में कामकाज करने वाले लोग भी किसी शारीरिक असुविधा का सामना कर रहे होंगे। और उनके लिए विशेष व्यवस्था भी प्राथमिक होना चाहिए? यों बहुत सारी सार्वजनिक इमारतों में अलग से लिफ्ट या सपाट सीढ़ियों की व्यवस्था की गई है, लेकिन आज भी ऐसी तमाम जगहें हैं, जहां इसके अभाव में दिव्यांगजनों को दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। खासतौर पर अस्पतालों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वहां नियमित कामकाज या फिर इलाज के लिए आने-जाने वाले तमाम लोगों के साथ-साथ दिव्यांगजनों को भी कोई दिक्कत न हो, उनके अनुकूल सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

# है आया परिणाम!



हुआ उलटफेर है ।
है आया परिणाम ।।
बना किसी का काम ।
किसी का तमाम ।।
जनता का आदेश ।
सर आंखों बिठाना ।।
हो रही है हलचल ।
देख रहा जमाना ।।
हार रहे स्वीकार ।
जीत आशीर्वाद ।।
हो फिर काम सबका ।
है सुननी फरियाद ।।
उड़ना नहीं आसमान ।
है रहना जमीन ।।
कहीं खुशी है छायी ।
है कोई गमगीन ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# जहरीली हवा से जूझते बच्चे

यह सच है कि विकास को गति देने के लिए संचार, परिवहन और उद्योग सभी आवश्यक हैं, मगर देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए वायु और संपूर्ण पर्यावरण को शुद्ध रखना भी उतना ही जरूरी है। दुनिया में पहली बार किए गए अपनी तरह के एक शोध में मानव जीवन के लिए खतरा बने प्रदूषण से जुड़ी डरावनी स्थितियां सामने आई हैं। भारत सहित दुनिया के एक सौ सैंतीस देशों में मां के गर्भ में ही जान गंवाने वाले पैंतालीस हजार शिशुओं पर हुए अध्ययन में यह सामने आया कि उनमें चालीस फीसद बच्चों की मौत का कारण हवा में मौजूद पीएम 2.5 कण था। शोध में शामिल देशों में वर्ष 2010 में 23.1 लाख, 2019 में 19.3 लाख और 2015 के दौरान 20.9 लाख शिशु जन्म से पहले ही मर गए थे।

दुनिया में आने से पहले ही जान गंवा देने वाले शिशुओं में से साढ़े नौ लाख बच्चों की मौत की बड़ी वजह हवा में मौजूद दूषित कण पीएम 2.5 था। ह्यनेचर कम्युनिकेशनह्ल पत्रिका में छपे इस शोध के मुताबिक गर्भवती महिला जब दूषित हवा में सांस लेती है, तो गर्भनाल के जरिए हवा में मौजूद कण नवजात तक पहुंचते हैं। इससे भ्रूण का स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इतना ही नहीं, दमघोंटू हवा के संपर्क में रहने वाली मां के शरीर में पल रहे भ्रूण या शिशु को पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन भी नहीं मिल पाती है। ऐसे गर्भ के भीतर शिशु का विकास तो प्रभावित होता ही है, कई बार दम भी घुट जाता है। यह स्थिति वाकई चिंतनीय है। हाल के बरसों में दुनिया के हर हिस्से में वायु प्रदूषण बढ़ा है। हवा में घुलता जहर इंसान ही नहीं, धरती पर मौजूद हर प्राणी के लिए खतरा बन गया है। भारत के महानगरों में तो नवजात और बड़े होते बच्चे भी दमघोंटू हवा के घेरे में अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार बन रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 2021 में किए गए एक शोध के अनुसार दुनिया भर में हर साल 8.30 लाख नवजात बच्चों की अकाल मौत का कारण दूषित वायु है।

दरअसल, बढ़ता वायु प्रदूषण जीवन से जुड़े हर हिस्से को प्रभावित कर रहा है। प्रदूषित हवा का हृदय रोग, सांस संबंधी बीमारियों और कैंसर के साथ गहरा नाता है। हवा में घुलता जहर हर आयु वर्ग के लोगों के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। बच्चों में बढ़ रहे कैंसर के मामलों की सबसे बड़ी वजह हवा में मौजूद हानिकारक तत्त्व ही हैं। हवा में मौजूद प्रदूषित कणों के बढ़ने से बच्चों का सहज विकास भी प्रभावित होता है, जिसके चलते जन्म के समय से ही बच्चों में शारीरिक-मानसिक विकृति पैदा हो सकती हैं। इतना ही नहीं, हवा में घुलते जहर के चलते महिलाओं में गर्भपात के आंकड़े भी बढ़े हैं।



उल्लेखनीय है कि हवा की गुणवत्ता और गर्भस्थ तथा नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परस्पर गहराई से जुड़े हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन आफ इंडिया, इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ मेट्रिक्स ऐंड इवैल्युशन द्वारा कुछ साल पहले किए गए साझा अध्ययन ह्यग्लोबल बर्डेन डिजीजह्ल अध्ययन के आंकड़े साफ बताते हैं कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में वायु प्रदूषण फेफड़े के संक्रमण का अहम कारण बन रहा है। गौरतलब है कि भारत में आज भी श्वसन रोग और निमोनिया बच्चों की मौत की सबसे बड़ी वजह है। बच्चों के अति संवेदनशील अंग हद से ज्यादा बढ़े प्रदूषण की मार झेलने में असमर्थ होते हैं। इसलिए वे जल्दी ही कई व्याधियों का शिकार बन जाते हैं।

आज की बदलती जीवन-शैली में प्रदूषण बाहर ही नहीं, घर के भीतर भी कम नहीं है। दोनों ही जगह वायु प्रदूषण गर्भस्थ और नवजात बच्चों के लिए घातक साबित हो रहा है। ठंड के मौसम में स्थितियां और खराब हो जाती हैं। हर वर्ष राजधानी दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के चलते बच्चों के स्कूल बंद करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं अचानक बढ़ जाने की खबरें आती हैं। विचारणीय यह भी है कि बदलती सामाजिक-पारिवारिक स्थिति भी गर्भ में पलते बच्चों और प्रदूषण के हालात से जुड़ी है। हाल के वर्षों में देर से शादी करने और बड़ी उम्र में मां बनने का चलन बढ़ा है। नतीजतन, गर्भ में पल रहे बच्चे के स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम भी बढ़े हैं। नेचर कम्युनिकेशन में छपे शोध में भी वैज्ञानिकों ने कहा है कि दूषित हवा अधिक उम्र की महिला के गर्भ में पल रहे शिशु के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। नई पीढ़ी को दी जाने वाली थाती में हवा-पानी की स्वच्छता हमारी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होनी चाहिए थी, पर दुखद है कि दमघोटू हवा उनका जीवन जोखिम में डाल रही है। भारत ही नहीं, दुनिया भर में विकास की रफ्तार के आगे जीवन रक्षा से जुड़े मानकों की अनदेखी जीवन पर भारी पड़ रही है। यह सच है कि विकास को गति देने के लिए संचार, परिवहन और उद्योग सभी आवश्यक हैं, मगर देश के नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए वायु और संपूर्ण पर्यावरण को शुद्ध रखना भी उतना ही जरूरी है। वनों की अंधाधुंध कटाई से लेकर सड़क पर बढ़ते वाहनों की संख्या और सुविधा संपन्न जीवन-शैली के चलते विकासशील देशों की घनी आबादी वाले शहरों में हालात बेहद खराब हो चले हैं। हर आयुवर्ग में सेहत संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं। गौरतलब है कि भारत में वायु प्रदूषण से हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। हवा में घुले विषाक्त तत्त्वों के चलते आज एक बड़ी आबादी दमा, हृदय रोग, कैंसर, चर्म रोग आदि से ग्रस्त है।

अगर हमारा देश हवा के गुणवत्ता मानकों को पूरा करने के लिए अपने लक्ष्यों को सुधार लेता है, तो 66 करोड़ लोगों की उम्र 3.2 साल और बढ़ जाएगी। ऐसे में उम्र की गिनती शुरू होने के पहले ही मासूमों का जीवन छिन जाना तो भयावह होते हालात की ओर इशारा करता है। अफसोस की बात है कि दूषित हवा के कारण भावी पीढ़ी या तो गर्भ में जान गंवा रही है या बीमारियों के साथ संसार में आ रही है।

गौरतलब है कि बच्चों पर केंद्रित पिछले वर्ष आई यूनिसेफ की ह्यद क्लाइमेंट क्राइसिस इज ए चाइल्ड राइट्स क्राइसिस-इंट्रोड्यूसिंग द चिल्ड्रेन्स क्लाइमेट रिस्क इंडेक्सह्ल रिपोर्ट में भी ऐसे कई खतरों को लेकर चेताया गया था। इस रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण नई पीढ़ी के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा को गंभीर खतरा है। बचपन से जुड़े जोखिमों के मोर्चे पर भारत भी दक्षिण एशिया के उन चार देशों में शामिल है, जो अत्यधिक खतरे में हैं। इतना ही नहीं, प्रदूषण की वजह से बच्चों की बौद्धिक क्षमता भी प्रभावित हो रही है। स्पष्ट है कि सेहत से जुड़ी परेशानियों का बढ़ना, स्कूल बंद होना और प्रदूषित हवा में सांस लेने के चलते बीमारियों से घिर जाना गंभीर खतरों की ही बानगी बन रहा है। ऐसे में उद्योगों और बढ़ते वाहनों से लेकर घरेलू कामकाज से उत्सर्जित होने वाली विषाक्त गैसों में कमी लाने को लेकर कोई ठोस और व्यावहारिक हल खोजना आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी कहना है कि भारत में क्षमता है कि वह बढ़ते वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कम लागत में प्रभावी तरीकों से परिवर्तन लाए। जरूरी है कि आमजन भी अपनी जीवन-शैली में बदलाव कर सहूलियतें जुटाने के बजाय बच्चों को स्वच्छ परिवेश देने के बारे में सोचें। साथ ही प्रशासनिक मोर्चे पर भी दोषारोपण के बजाय दमघोंटू हवा से निजात दिलाने की राह ढूंढी जाए। यह समझना बेहद आवश्यक है कि किसी भी तरह के विकास के मायने मानवीय जीवन से बढ़ कर नहीं हैं।

# सच का कोई विकल्प नहीं

सच अपने आप में ऐसा मूल्य है जिसकी जरूरत हमेशा ही रहती है, जिसके बिना समाज और मानवता की कल्पना नहीं की जा सकती। सच के विरोधी और झूठ से परिपूर्ण समय में भी सत्य आखिरकार अपराजित ही सिद्ध होता है। कहा जाता है कि सत्य की नाव तूफानों से डगमगाती जरूर है, लेकिन डूबती नहीं। सच की उपस्थिति ही अपने आप में इतनी पर्याप्त और प्रभावशाली होती है कि उसे किसी प्रदर्शन और दिखावे की जरूरत नहीं होती। सच की गहराई में सभी मानवीय मूल्य समाहित होते हैं, जिन्हें सतही दृश्यों से अनुभव नहीं किया जा सकता।

कोई उद्देश्य या वस्तु अपने अर्थ में इतनी मूल्यवान और सार्थक है तो उसे एक ही प्रयास में नहीं प्राप्त नहीं किया जा सकता, बल्कि उसके लिए बार-बार कोशिश की जा सकती है। दरअसल, कोई भी महान चीज अपने लिए सर्वस्व और उत्कृष्ट की मांग करती है और उसके रास्ते में आने वाली कठिनाइयों को पराजय नहीं कहा जा सकता। ऐसे उद्देश्य को पूरा करने में बाधाएं आ सकती हैं, समस्याएं हो सकती हैं और बहुत बार असफलता भी मिल सकती है, लेकिन इन्हें जीवन के अनुभव माना जा सकता है। सफलता की वह सीमित परिभाषा, जिसमें सब कुछ सकारात्मक परिणाम हों और बिना किसी हानि के सिर्फ लाभ पर ही निर्भर हो, उसे किसी महान उद्देश्य को प्राप्त करने की सफलता का मापदंड नहीं माना जा सकता। प्रत्येक युग और समय में ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें बहुत-सी असफलताओं और निराशाओं से निकलकर ही अपने कार्यों की मंजिल तक पहुंचाने में विजय हासिल हुई। सच की प्रकृति ही है कि वह बंधनों और संकीर्णता से मुक्त कर देता है, किसी दायरे में बांध कर नहीं रखता। सच व्यक्ति के अस्तित्व को विस्तार देता है अनंत और सीमाओं से आगे, साथ ही नई संभावनाओं की चुनौती को स्वीकार करने की शक्ति भी। मुश्किल और असंभव विकल्पों की तरफ वह खुद उसे प्रेरित करता है। इसलिए इसके रास्ते में मिलने वाले संघर्षों में बहुत कुछ निरर्थक खोकर, क्षणिक स्वार्थों को छोड़कर भी जीवन के सार्थक और स्थायी अर्थ तक पहुंचा जा सकता है। इसे वास्तव में असफलता नहीं, किसी व्यक्ति के जीवन की उपलब्धि कहा जा सकता है। जिस निजी महत्त्वाकांक्षा और झूठे सबंधों को बचाने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़े, उसे बचाना भी व्यर्थ है, क्योंकि आखिरकार जीवन में सच के अलावा कोई विकल्प नहीं होता।



सच के लिए आत्मिक और गहरा रिश्ता सिर्फ अपनी स्वतंत्र चेतना से रखना चाहिए और इसीलिए जीवन में अपनी भूमिका के चुनाव में संवेदना के साथ ही वैचारिकता से निर्णय करना भी जरूरी है। बहुत-सा बोझ जो दूसरों पर निर्भर रहने का है, उनके दबाव और स्वीकृति के बंधनों का है, उनसे मुक्त होकर ही अपने अस्तित्व की सार्थकता का अनुभव होने लगता है। किसी अनिश्चित के लिए निश्चित रास्ते की सुविधा को छोड़कर ही कोई नई दृष्टि की खोज की जा सकती है, अन्यथा एक निरर्थकता बोध में अपनी चेतना के स्तर पर धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं।

अपने अनुभवों की आंच से तपने वाले जीवन का प्रभाव हमेशा सहज और स्थायी रहता है, व्यक्ति और समाज दोनों के लिए। सहयोगी और विरोधी परिस्थितियों में बुद्धि का अर्थ उसके माध्यम से दुनिया को समझना नहीं है, बल्कि इस समाज में अपने होने के कारण को विवेक से जानना और अपने लिए भीड़ के अनुकरण से अलग सार्थक विकल्प की खोज के लिए कोशिश करना है। सच के लिए प्रतिबद्ध व्यक्ति के लिए संसार में ऐसा कुछ नहीं होता जो उसकी स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा को बांध सके। अपने स्वभाव में सच बहुत गहरा होता है, उथला और सतही नहीं, इसलिए उस तक पहुंचना भी आसान नहीं होता। मनुष्य को जीवन के अनेक घात-प्रतिघात, उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए ही कई अनचाहे-अदृश्य रास्तों से निकलना पड़ता है जो उसने निर्धारित नहीं किए होते। लेकिन सबसे मूल्यवान अनुभव यही होते हैं, क्योंकि सुख के लिए दुख से सामना करके ही उसकी सार्थकता का पता लगता है। तब दुनिया के सब लालच सच के महत्त्व के सामने छोटे हो जाते हैं, जिसमें किसी मानसिक गुलामी और आत्मसम्मान से समझौते का प्रश्न नहीं उठता।

जीवन को उसकी संपूर्णता में जीने के लिए यथार्थ में जिस आंतरिक सच की अनुपस्थिति का अनुभव होता है, वह उसको जाने बिना समाज का एक औपचारिक हिस्सा बनकर रहता है, जिसकी कोई सार्थक भूमिका नहीं है। इसलिए समाज के पूर्वनिर्धारित दोहराव से अलग जब व्यक्ति अपनी स्वतंत्र प्रक्रिया को पहचान लेता है, तब यथार्थ और सत्य पूरी तरह उसके सामने उजागर हो सकता है जो परंपरा के बदलाव और विकल्प पर आधारित होता है। इसमें फिर सफलता और असफलता की सामाजिक अपेक्षा के बोझ से मुक्त होकर उसकी अपनी निर्मित जीवन की दृष्टि का दायित्व भी उसे उठाना चाहिए जो सच को केंद्र में रखती है।

# पाकिस्तानी सेना के नये प्रमुख कहीं जोश–जोश में कोई गलती ना कर बैठें

पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ असीम मुनीर ने कहा है कि भारत की नापाक हरकत का जवाब दिया जाएगा। अपनी एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा करने में पाक सेना सक्षम है। उन्होंने ठीक ही कहा है। यही उन्हें कहना भी चाहिए, किंतु ये ध्यान रखना चाहिए कि वे जो करें, अपने देश की सीमा में रहकर करें। सीमा से बाहर भारत की ओर तांक-झांक भी न करें। खुराफात करने की तो सोचे भी नहीं। गत सप्ताह मंगलवार को असीम मुनीर पाकिस्तान के 17वें आर्मी चीफ बन गए। जनरल कमर जावेद बाजवा छह साल बाद इस पोस्ट से रिटायर हो गए। बाजवा ने रावलपिंडी हेडक्वॉर्टर में बैटन ऑफ कमांड या कमांड स्टिक फोर स्टार रैंक पाने वाले असीम मुनीर को सौंपी।

सेरेमनी में लोगों को संबोधित करते हुए बाजवा ने असीम मुनीर के साथ अपने काम के 24 सालों को भी याद किया। असीम मुनीर पुलवामा आतंकवादी हमले के दौरान आईएसआई चीफ थे। उस दौरान वह भारत में आतंकवादी घटनाओं का अंजाम देने के लिए जाने जाते हैं। आज जब वह पाकिस्तान सेनाध्यक्ष बने हैं तो हालात बदले हैं। उनकी खुराफात के बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में दो बार सैन्य स्ट्राइक भी की। अपने पर हमला करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए आज भारतीय सेना को खुली छूट है। ऐसे में उनकी जरा-सी भी हिमाकत पाकिस्तान के लिए ज्यादा नुकसानदेह हो सकती है। वह ऐसे समय में पाकिस्तान के आर्मी चीफ बने हैं, जबकि पाकिस्तान की अंदरूनी हालत बहुत खराब है। वह बुरी तरह कर्ज में जकड़ा हुआ है। अपनी जरूरत के लिए दुनिया के सामने कर्ज के लिए कटोरा लिए घूम रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है। इसके अलावा हाल में आई बरसात और बाढ़ ने उसकी कमर तोड़ कर रख दी। हालात यह हैं कि वहां बीमारों को दवा और जरूरत का सामान भी उपलब्ध नहीं है।

उधर पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान का विरोध बढ़ रहा है। पाक सेना की ज्यादती को लेकर वहां की जनता अपना विरोध जताती और प्रदर्शन करती रही है। पाक अधिकृत कश्मीर के युवा आजादी की लंबे समय से मांग कर रहे हैं। उनका आंदोलन जारी है। इस पद को संभालने के दौरान उन्हें ये भी ध्यान रखना होगा कि भारत की जनता पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की मांग कर रही है। जनता सरकार पर दबाव भी बनाए हुए है। पाक अधिकृत कश्मीर में भी हालत पहले ही ठीक नही हैं। वहां की जनता आजादी की मांग को लेकर आंदोलनरत है, ऐसे में उनकी जरा-सी गलती उन्हें



उम्र भर पछताने को मजबूर कर सकती है। आज पाकिस्तान की ओर से जरा-सी भी खुराफात हुई तो उसे भारत के कड़े प्रतिरोध का सामना करना होगा। हो सकता है कि बांग्लादेश की तरह उसे अधिकृत कश्मीर से भी हाथ धोना पड़े। सेवानिवृत आर्मी चीफ बाजवा ने पद छोड़ने से पूर्व देश के लिए आपने संदेश में कहा कि अब तक सेना का राजनीति में पूरा दखल रहा है। अब नहीं होगा। जनरल बाजवा ने रिटायरमेंट के ठीक पहले यूएई के अखबार ह्यगल्फ न्यूजह्ल को एक इंटरव्यू दिया। फौज और पाकिस्तान के मौजूदा हालात से जुड़े अहम सवालों के जवाब दिए। कहा- मुझे ये मानने में कोई गुरेज नहीं कि पाकिस्तान के तमाम फैसलों में फौज का अहम रोल रहा है। इतिहास गवाह है कि फौज का सियासत में दखल रहा। शायद यही वजह है कि हमें एक इदारे (विभाग) के तौर पर कई बार कड़ी आलोचना का भी शिकार होना पड़ा। बाजवा ने आगे कहा- अब हमने फैसला कर लिया है कि फौज हर हाल में सियासत से दूर रहेगी। इससे लोकतंत्र मजबूत होगा और इससे भी बड़ी बात यह होगी कि सेना को मुल्क में इज्जत मिलेगी और इसमें इजाफा होगा। हर फौजी भी तो यही चाहता है। उन्होंने कहा कि मुल्क के 70 साल के इतिहास में पहली बार हमने सियासत से दूरी बनाने का फैसला किया है। मेरा मानना है कि इससे फौज को इज्जत मिलेगी और उसका सम्मान बढ़ेगा।

बाजवा साहब जो कह रहे हैं उन्हें समझना होगा कि सेवानिवृति के बाद उनकी कौन सुनता है। अब तक तो उन्होंने राजनीति का सुख उठाया। पद पर रहते कभी ये बात नहीं की। पद छोड़ने का समय आया तो बात कर रहे हैं कि सेना राजनीति से दूर हो। वैसे भी पाकिस्तान की सियासत में हमेशा से फौज ही ताकतवर रही है। उसके रसूख और दबदबे के आगे सियासत करने वाले छोटे पड़ते रहे हैं। यही वजह है कि 1947 में पाकिस्तान के जन्म के बाद करीब-करीब आधा वक्त यहां मिलिट्री शासन रहा। अब जब वह सेवानिवृत हो गए तो उनकी कौन सुनता है? जिसके मुंह मुफ्त का खून लग जाता है, वह उसे क्यों छोड़ना चाहेगा। बाजवा ने अपने कार्यकाल में क्या-क्या किया, किसे नहीं पाता। बाजवा और पत्नी आयशा की प्रॉपर्टी को लेकर पाकिस्तान में काफी सवाल उठ रहे हैं। महज छह साल में आयशा शून्य से 250 करोड़ रुपए की मालकिन हो गईं। ये सरकारी आंकड़ा है। क्या आने वाला सेनाध्यक्ष इस सुख से वंचित रहना चाहेगा। पाकिस्तान की सेना में तो करप्शन सभी पदों में फैला है। इतनी जल्दी इसे रोकने की बात करना बेमानी है। ऐसे में सेना को करप्शन करना है, तो राजनीति में अपना दखल बनाकर रखना होगा।

बदले हालात में वह अपने मुल्क में क्या करें, इससे भारत को सरोकार नहीं होगा, न है। भारत को तो वास्ता इससे है कि पाकिस्तान की ओर से चल रहा छद्म युद्ध बंद होता है या नहीं। वहां से प्रशिक्षित कर आतंकवादियों का भारत आना रुकता है या नहीं। हालांकि पाकिस्तान की ओर से रोज ड्रोन से हथियार भेजे जा रहे हैं। आतंकवादी लगातार सीमा पार कर भारत आ रहे हैं। सीमा पार कर आने वालों को मारने का भारतीय सेना का अभियान अनवरत चल रहा है। भारतीय सीमा में प्रवेश करते आंतकवादियों के भारतीय सीमा में आते ही मार दिए जाने की सूचनाएं नियमित रूप से आती रहती हैं। सेना की उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में मीडिया से बात करते कहा था कि भारत में घुसपैठ के लिए पाकिस्तानी लॉन्चपैड पर करीब 160 आतंकी मौजूद हैं। पाकिस्तान को आंतकवादी प्रशिक्षण और उसे भारत भेजने पर सख्ती से रोक लगानी होगी।

## डीएम ने अमूल प्लांट व पैकेजिंग हाउस का किया निरीक्षण

प्रखर पिंडरा वाराणसी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बुधवार को करखियाव स्थित निमार्णाधीन अमूल प्लांट का निरीक्षण कर कार्य मे तेजी लाने और समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही पैकेजिंग हाउस की गति देख फटकार लगाई। दोपहर साढ़े 12 बजे अमूल प्लांट पहुँचे जिलाधिकारी ने

### पैकेजिंग हाउस के धीमी गति पर लगाई फटकार

सबसे पहले अमूल प्लांट के मॉडल को देखा उसपर चर्चा करने के बाद परियोजना को समझने के बाद प्रोजेक्ट व निमार्णाधीन स्थल का निरीक्षण किया। लगभग आधे घंटे तक निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट इंचार्ज अलोकमणि मिश्रा से तय समय सीमा 2023 तक उक्त प्रोजेक्ट को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर हर तरह के सहयोग की बात कही। उन्होंने सिविल इंजीनियर अमित शुक्ला से प्रोजेक्ट के तकनीकी जानकारी



ली। बताते चलें कि 450 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे अमूल प्लांट का शिलान्यास पीएम मोदी ने वर्ष 2021 में की थी। उसके बाद एग्रो पार्क परिसर में 15 करोड़ की लागत से बन रहे पैकेजिंग हाउस को देखा और समय सीमा बीत जाने के बाद भी काम न होने पर प्रोजेक्ट इंचार्ज को फटकार लगाई। उन्होंने एक महीने के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बताते चले कि पैकेजिंग हाउस 15 करोड़ की लागत से बन रहा है। बिल्डिंग कार्य पूर्ण तो गया लेकिन मशीने सक्रिय नही हुई है। कई बार उसकी समय सीमा पहले भी बड़ाई जा चुकी है। वही करखियाव एग्रो पार्क पहुचने पर डीएम को एग्रो पार्क की डायरेक्टरी देकर एग्रो पार्क के अध्यक्ष मनोज मद्धेशिया के नेतृत्व में उद्यमियों ने स्वागत किया। इस दौरान शुभम अग्रवाल, आनंद जायसवाल, रवि गुप्ता, बृजेश गुप्ता व आदर्श अग्रवाल समेत अनेक उद्यमी रहे।

## शादी कोई व्यापार नहीं, खरीदा हुआ जीवन लड़की को स्वीकार नहीं : साहिल सेठ



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। दहेज लेना और दहेज देना दोनों ही कृत्य कानूनी अपराध है और इस दहेज जैसी ज्वलंत कुरीति के खिलाफ पूरे देश-प्रदेश के लोगो को आवाज उठानी चाहिए और हम सबको मिलकर आम जनमानस को जागरूक करने की आवश्यकता है। जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समाज हित में एक सार्थक सोच व अंगद कदम हैं। सामूहिक विवाह मात्र एक विवाह का आयोजन भर नहीं हैं अपितु इसके प्रभाव व समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह करानें से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नहीं है यह बातें ABVP नगर इकाई खेतासराय के नगर मंत्री साहिल सेठ अपने नगर स्तिथ आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। छात्र नेता साहिल सेठ जी ने कहा कि सामाजिक संस्था जेब्रा द्वारा चलाया जाने वाला अभियान इस बात का प्रमाण है कि आज जनपद, के कई कस्बों और गाँवो में जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट जौनपुर मिलजुकर सैकड़ों सर्वधर्म कन्याओं के हाथ सामूहिक विवाह के माध्यम से पीले कर रही हैं इससे लोगों में जागरुकता आएगी। नगर मंत्री साहिल सेठ जी एक सवाल के जवाब में कहां की अमीर पिता दहेज के दंश को खुशी से झेल लेता है, लेकिन गरीब आदमी के लिए काफी मुश्किल है। दहेज लेने वाले सिर्फ एक बार नहीं मांग करते बल्कि इस कि आग में हर दिन हर रोज ससुराल में जलती है ऐसे में जरूरी है दहेज को ना कह दे जिससे लड़की का सम्मान बना रहे। उन्होंने रविवार को मोहम्मद हसन कॉलेज में होने जा रही सामूहिक विवाह में भारी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की।

## सावधानी ही एड्स से बचाव का सबसे अच्छा तरीका : डा. राकिफ

रतसर (बलिया)। अमर शहीद चेतना संस्था की तरफ से सोमवार को लक्षित परियोजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय शाहपुर में एड्स जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएचसी रतसर के अधीक्षक डा०राकिफ अख्तर मे एड्स के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एड्स कोई छुआछुत की बीमारी नहीं है। इस बीमारी से बचने के लिए सावधानी महत्वपूर्ण है। अगर हम सावधानी रखते हैं तो एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। कहा कि इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है,केवल सावधानी ही इस बीमारी था बचाव है। कार्यक्रम प्रबन्धक अमरदीप विश्वकर्मा ने जागरुकता शिविर में बताया कि एड्स रोग पीड़ितों के साथ भेदभाव किया जाना गलत है इस बीमारी के पीड़ित व्यक्ति भी गौरवमयी जीवन जीने के



अधिकारी है। जागरुकता शिविर में एड्स बीमारी के बचाव के तरीकों को विस्तार से समझाया गया तथा बताया गया कि एड्स बीमारी के पीड़ितों को अपनी बीमारी छुपाना नहीं चाहिए। शिविर में 140 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर जांच किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से आए मुन्ना जादुगर ने जादू के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। इसके पूर्व आगत अतिथियों ने महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर डा० अमित वर्मा, डा०आर. के. सिंह, डा० अबुल कादिर,आईसीटीसी काउन्सलर मणि बहादुर सिंह, एसटीआई काउन्सलर बसन्त सिंह, एलटी विनय कान्त यादव, फार्मा. सुमन्त यादव,जेबी सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राघवेन्द्र सिंह,पूर्व स्वा० पर्यवेक्षक जेपी सिंह,एएनएम सिंधु सिंह, हिलिंग फील्ड फाउन्डेशन से मुशर्रत जहां, राजेश,ज्योति गुप्ता, एनामुल्लाह, मीरा सिंह, मनीष एवं माधो मौजूद रहे।

## 28वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये कैप्टन गिरजाशंकर

प्रखर केराकत (जौनपुर)। सैनिक गिरजाशंकर बीटीसी महाविद्यालय के प्रांगण में कैप्टन गिरजाशंकर की 28 पुण्यतिथि तथा सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन पुष्पांजलि समारोह के रुप में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डा. राजेश सिंह 'मुन्ना' द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया, साथ ही सिक्योरिटी एण्ड इंटेलीजेंस सर्विस के प्रशिक्षण प्रभारी राजेश प्रसाद द्वारा श्रद्धांजलि दी गई, इसी क्रम में इंटेलिजेंस के जवानों द्वारा गाड आफ आनर (सलामी) देकर पुष्पांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित कर कैप्टन गिरजाशंकर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भारतीय सेना में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को याद



किया गया। भारतीय सेना में रहे कैप्टन गिरजाशंकर विशिष्ट सेवा मेडल चक्र विजेता रहे। वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि कैप्टन गिरजाशंकर की शौर्य गाथाओं से आने वाली पीढ़ियों को बहुत कुछ सीखने में मदद मिलेगी तथा उनके मन में भी राष्ट्र के प्रति प्रेम, आदर, और सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम में सुमन गिरि, रमाकांत यादव, स्वरुप कन्नौजिया, जय सिंह, शिवाचन्द, सुनील कुमार यादव, आशुतोष तिवारी, सोने लाल सक्सेना ,अनिल कुमार सरोज, धीरज पाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के जवानों ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी तथा संस्थान के प्रबंध समिति के सदस्य विनय कुमार राय ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गोरखपुर में खुला आधार सेवा केंद्र

प्रखर गोरखपुर। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा गोरखपुर के दुबे काम्प्लेक्स, बेतियाहाता में आधार सेवा केंद्र (एएसके) की शुरूआत की गई है। आज इस केंद्र का विधिवत उदघाटन आज गोरखपुर के जिलाधिकारी श्री कृष्णा करुणेश और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के उप महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार सिंह और निदेशक श्री नितीश सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस आधार सेवा केंद्र पर निवासी अपना आधार नामांकन और अपने आधार में सुधार/अपडेट करा सकते है। इस अवसर पर बोलते हुए गोरखपुर के जिलाधिकारी श्री कृष्णा करुणेश ने कहा की यह आधार सेवा केंद्र गोरखपुर जिले और आस पास के सभी जिलों के निवासियों को आधार से सम्बंधित सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के लगभग 50.72 लाख निवासियों का आधार नामांकन हो चूका है. लेकिन अभी भी 0 से 05 वर्ष के आयु के कुछ बच्चों का आधार नामांकन होना है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के उप महानिदेशक श्री प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में 12 आधार सेवा केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है । यह आधार सेवा केंद्र निवासियों के लिए आधार से संबंधित सभी सेवाओं के लिए एक सिंगल स्टॉप डेस्टिनेशन है




एएसके अत्याधुनिक वातावरण में निवासियों को आधार नामांकन और अद्यतन सेवाएं प्रदान करते हैं उन्होंने कहा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के निदेशक श्री नितीश सिन्हा ने कहा कि आधार सेवा केंद्र, गोरखपुर के पास प्रतिदिन 1000 निवासियों को आधार से सम्बंधित सेवाओं को प्रदान करने की क्षमता है। आधार सेवा केंद्र निवासियों को एक आरामदायक वातानुकूलित वातावरण प्रदान करता है। आधार सेवा केंद्र नागरिक केंद्रित है और एएसके प्रबंधकों को निवासियों, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष रूप से दिव्यांवग व्यक्तियों के लिए प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं को हल करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। भीड़ प्रबंधन के लिए टोकन सिस्टम लागू किया गया है जो निवासियों को कुशल सेवा प्रदान करता है। एएसके के लिए एक ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सिस्टम उपलब्ध है, जो नागरिकों को समय बचाने में मदद करता है और केंद्र पर भीड़ को कम करता है। जिन निवासियों के पास ऑनलाइन अपॉइंटमेंट है उन्हें निर्दिष्ट विंडो पर सेवा प्रदान की जाती है। प्रवेश द्वार पर एक टोकन काउंटर है जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वॉक-इन निवासियों को टोकन प्रदान करता है। निवासियों को सहायता प्रदान करने और उनके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए प्रवेश द्वार पर एक हेल्प डेस्क काम कर रहा है।

## मुसलमानों को शिक्षा से जोड़ने का होगा प्रयास : सिराज मेहदी

### प्रेस वार्ता में बोले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बीजेपी दो हिस्सों में बांटने का कर रही है प्रयास

प्रखर शाहगंज (जौनपुर)। जीएसटी,नोट बन्दी और अन्य तरह से देश की जनता पर बोझ डाल कर बीजेपी की सरकार जनता के साथ धोखा और उन्हें गुमराह करने का काम कर रही है। जिसका जवाब आने वाले लोकसभा के चुनाव में देश की जनता भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखा कर देगी। उक्त



बातें बुधवार को नगर के तहसील स्थित डाकबंगले पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी ने कही। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए श्री मेंहदी ने मुसलमानों को शिक्षा से जोड़ने और जागरूकता के लिए आगामी दिनों बड़ा अभियान चलाने की बात कही।उन्होंने कहा की मुसलमान शिक्षा ग्रहण कर आइएएस, पीसीएस, डॉक्टर, इंजीनियर बन कर देश और समाज की मुख्यधारा में आएं।जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षा जागरूकता हेतू बड़ा अभियान की शुरूआत दिल्ली से की जाएगी। एक सवाल के जवाब में पूर्व एमएलसी ने कहा की हिजाब सभी धर्मों में है उन्होंने कहा की चेहरे को ढकने की प्रथा ही हिजाब है इसे हिन्दू धर्म मे घूंघट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और मुस्लिम धर्म मे हिजाब के रूप में मकसद दोनो धर्मो का एक ही है की चेहरे को ढका जाय।राजस्थान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा की वहां आज भी महिलाएं पर्दा यानी घूंघट में रहती है। भारतीय जनता पार्टी इसी का लाभ उठाने के चक्कर मे दो हिस्से में बांटने का प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव के सम्बंध में कहा की उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से गठबंधन है बातचीत जारी है अगर सहमति बन जाएगी तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी अपने प्रत्याशी उतारेगी और दमदारी से चुनाव लड़ेगी। उक्त अवसर पर पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव असलम इराकी, शेखर साहू, मुराद अली बंटी, बबलू, डब्बू,फायक अहमद, मदनलाल ज्ञानचंद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने सेतु निगम द्वारा किए जा रहे पक्का पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

सिकन्दरपुर (बलिया)। क्षेत्र के खरीद दरौली के मध्य बन रहे पीपा पुल का मंगलवार को जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सेतु निगम द्वारा किए जा रहे पक्का पुल के निर्माण कार्य को भी देखा गया। पक्के पुल के निर्माण में धीमी गति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप पक्के पुल का निर्माण होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता हुई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित इंजीनियर से पूल के लंबाई चौड़ाई व गुणवत्ता के निर्माण पर विधिवत जानकारी प्राप्त किया और कहा कि समय के अनुरूप शासन द्वारा जो समय निर्धारित



किया गया है। पक्के पुल का निर्माण हो जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नदी के बढ़ते हुए कटान को देखते हुए उन्होंने पक्के पुल के स्थान को बढ़ाने के लिए सेतु निगम के चीफ इंजीनियर से वार्ता कर तत्काल बढ़ाए जाने हेतु स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पीपा पुल के निर्माण की धीमी गति को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र पीपा पुल बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया। पीपा पुल हर साल 15 नवंबर तक बनकर तैयार हो जाता है। लेकिन इस बार दिसंबर माह आज आने के बाद भी पीपा पुल अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है, जिससे कि इलाकाई लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एई पीडब्ल्यूडी क्षितिज जायसवाल, जेई अखिलेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, एसएचओ योगेश यादव, ठेकेदार सुनिल राय आदि मौजूद रहे।

### सुरहा ताल पक्षी महोत्सव-2022 की तैयारियां जोरों पर

बलिया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने विकास भवन में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक का उद्देश्य सूरहा ताल पक्षी महोत्सव-2022 की तैयारियों के संबंध में चर्चा करना था। जिलाधिकारी ने सुरहा ताल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में बसंतपुर स्थित सुरहा ताल में आने वाले कुछ दिनों में महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली,फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। वहां पर प्रतिदिन लगभग 500 स्कूली बच्चे आएंगे जिनके घूमने-फिरने और जलपान की व्यवस्था होगी। साथ ही महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए नौकायन की भी व्यवस्था होगी। महोत्सव के आखिरी दिन मछुआरों की नौकायन प्रतियोगिता भी होगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मछुआरों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस महोत्सव में स्कूली बच्चों के अतिरिक्त अन्य लोग भी सम्मिलित हो सकते हैं। जहां पर बच्चों को झूला झूलने के साथ प्रकृति के नजदीक आने का अवसर मिलेगा। वहीं पर लोगो को ताल में चिन्हित स्थानों से विदेशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों को देखने का भी अवसर मिलेगा। इस बैठक में इस बात पर निर्णय लिया गया कि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाए ताकि बलिया की एक अलग पहचान न केवल जनपद स्तर पर बल्कि विश्व स्तर पर भी स्थापित हो सके। सुरहा ताल बलिया का एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट है जिसे ईकोटूरिज्म के रूप में विकसित करने की बात कई दिनों से चल रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

सिकन्दरपुर (बलिया)। बेल्थरा मार्ग के एकसार गांव के समीप बाइक से गिरकर 24 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकसार गांव निवासी 24 वर्षीय सोनू बाइक द्वारा सिकन्दरपुर के तरफ आ रहे थे कि अचानक बाइक असंतुलित हो गई और वह वहीं गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर इकट्ठा लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

सिकन्दरपुर (बलिया) नगर के बेल्थरा मार्ग पर सिनेमा हॉल के समीप प्रापर्टी विवाद को लेकर हुई मारपीट मे सिकन्दरपुर पुलिस नें संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर रमेशचंद गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रॉपर्टी विवाद को लेकर लंबे समय से दो भाइयों मे चल रहा विवाद मंगलवार को एक मारपीट मे तब्दील हो गया, जिसमें एक पक्ष ने अरुण गुप्ता को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची सिकंदरपुर पुलिस में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी रमेश चंद गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को मिलेगा गर्म भोजन

बलिया। प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के लिए एक खुशखबरी है। अब वे भी परिषदीय स्कूल के बच्चों की तरह गरमा गरम भोजन का लुत्फ ले सकेंगे। आंगनबाड़ी केंदों पर शीघ्र ही हॉट कुक्ड योजना फिर से शुरू होने जा रही है। विभाग ने इसके लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में बाल विकास परियोजना के तहत 3471 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 857 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र है। शासन ने इन केंद्रों पर 3 से 6 साल तक के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा शुरू की है। अभी तक इन बच्चों को पुष्टाहार के तहत दाल, चावल, रिफाइंड आदि का वितरण किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहले हॉट कुक्ड योजना का संचालन होता था, लेकिन यह योजना कई साल पहले बंद हो गई। अब इस योजना को फिर से संचालित करने की तैयारी शुरू हो गई है ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने आने वाले बच्चों को गर्म भोजन मिल सके। शासन से इसके लिए निर्देश मिलने के बाद विभाग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। योजना शुरू होने के बाद केंद्रों पर प्री प्राइमरी एजुकेशन पाने वाले लगभग 1.50 लाख बच्चों को इसका लाभ मिल सकेगा। गर्म भोजन के लिए राशन की व्यवस्था राशन डीलर के माध्यम से की जाएगी। वहीं भोजन बनान के लिए तेल, मसाला, सब्जी, गैस आदि की व्यवस्था के लिए शासन से धन उपलब्ध कराया जाएगा। हाट कुक्ड योजना संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते को फिर से क्रियाशील कराया जा रहा है ताकि योजना के लिए आने वाले धन को खाते में भेजा जा सके। सीडीपीओ को भी बैंक खाता प्राप्त कर डिटेल कार्यालय में जमा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर तैयार होने वाले हॉट कुक्ड को बनाने की जिम्मेदारी परिषदीय स्कूल की रसोइया को सौंपी जाएगी। केंद्र के नजदीक जो भी परिषदीय स्कूल होगा उसका रसोइयां बच्चों का भोजन तैयार करेगा। इसके लिए उनको अलग से मानदेय मिलेगा।

### ओवरहाइट बोरा लदी पिकअप बैरियर में फंसी

बेल्थरारोड। देवरिया और बलिया जिले को विभाजित करने वाली सरयू नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए बैरियर को सोमवार की सुबह एक पिकअप ने तोड़ दिया। बोरा लदे पिकअप से टूटने के दौरान बैरियर पिकअप में फंस गया। इससे पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप में फंसे बैरियर को निकलवा कर जाम समाप्त कराया। सेतु के मरम्मत का कार्य चल रहा है। इस दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए बैरियर लगाया गया है। सोमवार की सुबह पुल पार करते समय बोरों से लदा ओवर हाइट पिकअप बैरियर में फंस गया। जिससे पुल पर आवागमन अवरुद्ध हो गया। करीब दो घंटे तक पुल मार्ग पर जाम के पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरों में फंसे बैरियर को निकलवाया। तब जाकर आवागमन बहाल हुआ। गौरतलब है कि दो दशक पूर्व निर्मित पुल की करीब आधा दर्जन बार मरम्मत की जा चुकी है। वर्तमान समय में करीब एक वर्ष से पुल के मरम्मत का कार्य चल रहा है। सेतु निर्माण निगम के उदासीन रवैए के चलते अभी तक मरम्मत का कार्य पूर्ण नहीं हुआ। जिससे भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित है।

### युवती ने पड़ोस के युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

नगरा। थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की रात घर में घुसकर एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप एक युवती ने लगाया है। घटना के बाद डायल 112 को फोनकर पीड़िता ने सूचना दी। इसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच कर छानबीन कर वापस लौट आई। पीड़िता ने इसकी तहरीर सोमवार को नगरा पुलिस को दे दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के घरवाले गांव में आई बारात में चले गए थे। युवती घर में अकेली थी। आरोप है कि इस बीच पड़ोस का एक युवक घर में घुसकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके चीखने-चिल्लाने के बाद आसपास के लोग आए, तब तक वह भाग गया। इसके बाद वह डायल 112 को फोनकर घटना के बारे में जानकारी दी। डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंच कर पूछताछ की। पीड़िता सोमवार को थाने पहुंच कर घटना की तहरीर दी। खबर लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है। क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिव नारायण वैश ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### तहसील संवाददाता आलोक पाण्डेय का शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु यज्ञ का आयोजन किया गया

बलिया। रसड़ा तहसील संवाददाता आलोक पांडेय की तबीयत अचानक बीते दिनो खराब होने से नासाज चल रही है। उनका उपचार देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित सर गंगा राम अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि पत्रकार आलोक पांडेय की तबीयत 22नवम्बर हो खराब हो गई। आनन फानन में परिजनों ने रसड़ा सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बलिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया वहां से उन्हें बलिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 2 दिन इलाज करने के उपरांत चिकित्सक ने बताया कि इनकी किडनी में संक्रमण है। जिसका उपचार दिल्ली में कराया जाना संभव है । इसके बाद उन्हें 25 नवंबर को गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हर दूसरे दिन डायलिसिस कराया जा रहा है। उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उनके बड़े पुत्र और उनकी धर्मपत्नी वहां उपचार में लगे हुए हैं। जिसे इस संदर्भ मे बताते चलें कि पत्रकार पाण्डेय जी को शीघ्र स्वस्थ होने के उन्होंने निमित्त यज्ञ का इच्छा व्यक्त किया जिसमें क्षेत्र पत्रकार भाईयों ने मिलकर यज्ञ की आयोजन किया जो सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सयूक्त पत्रकारों के तरफ से आज रसड़ा श्रीनाथ सरोवर के विश्वकर्मा मंदिर पर शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करते हुए अयोध्या शोध संस्थान से पहुंचे विद्वत पंडित अनूप पाण्डेय के द्वारा महामृत्युजंय मंत्र से हवन पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर सभी वरिष्ठ पत्रकार मित्र सर्व श्री गोपाल जी गुप्ता श्याम कृष्ण गोयल शिवा नन्द बागले मतलूब अहमद कृष्णा शर्मा सुनील सरदासपुरी रवि आर्य अखिलेश सैनी सुमित गुप्ता उमा कान्त विश्वकर्मा लल्लन बागी सुरेश तिवारी अरविंद तिवारी आदि रहे।



## समांथा की 'यशोदा' ओटीटी पर अब होने जा रही रिलीज

**हैदराबाद।** समांथा रुथ प्रभु की यशोदा कुछ समय पहले ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज होने जा रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने मंगलवार को हरेश नारायण और के. हरि शंकर द्वारा सह-निर्देशित तेलुगु ब्लॉकबस्टर यशोदा के एक्सक्लूसिव ग्लोबल डिजिटल प्रीमियर की घोषणा की। समांथा रूथ प्रभु की थ्रिलर यशोदा की कहानी बताती है, जो अपनी लापता बहन को खोजने के लिए हताशा से एक सरोगेट प्रोग्राम में शामिल होने के लिए तैयार हो जाती है।

लाइफStyle



## सोनम गाउन में दिखा नया अंदाज


एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की स्टाइल दीवा सोनम कपूर ने एक बार फिर दमदार वापसी की है, वह किसी फिल्म में नहीं बल्कि रेड कार्पेट पर नजर आईं और ऐसी नजर आईं कि सब बस देखते ही रह गए।

बेटे को जन्म देने के महज तीन महीने बाद ही सोनम इतनी फिट हो गई हैं कि देखने वालों को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा। बिल्कुल स्लिम और फिट नजर आ रही सोनम ने रेड सी फिल्म फेस्टिवल में एंट्री ली तो सभी चौंक गए। रेड सी फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड के कई नामचीन सितारे शामिल हुए। इस मौके पर सोनम कपूर भी पहुंची और रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। रेड कलर के स्ट्रेपलेस गाउन में सोनम का लुक बेहद क्लासी नजर आ रहा है। डायमंड नेकलेस के साथ सोनम ने अपने इस रॉयल लुक को कंप्लीट किया है। मिनिमल मेकअप और ज्वेलरीज के साथ एक्ट्रेस का ये लुक उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इंस्टाग्राम पर उनकी कई सारी तस्वीरें शेयर हुई हैं, जो जमकर वायरल हो रही हैं।

इन तस्वीरों को देख हर कोई सोनम की फिटनेस और उनके परफेक्ट फिगर की तारीफ कर रहा है। एक फैन ने लिखा, द फैशन दीवा ऑफ इंडिया। वहीं एक फैन ने लिखा आप हमेशा ऐसी ही खूबसूरत दिखती रहें। बता दें कि 20 अगस्त तो सोनम ने अपने बेटे वायु को जन्म दिया था। बेटे को जन्म देने के महज तीन महीने बाद सोनम की परफेक्ट बॉडी को देख हर कोई हैरान है। ये तो साफ है कि सोनम ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और वह दूसरी अभिनेत्रियों के लिए भी मिसाल हैं।

हॉलीवुड मसाला



## बच्चों की पढ़ाई का आधा खर्च उठाएंगे

लॉस एंजेलिस। किम कार्दशियन और कान्ये वेस्ट ने अपने तलाक को अंतिम रूप दे दिया है। अमेरिका स्थित एंटरटेनमेंट मीडिया हाउस पेज सिक्स के मुताबिक अदालती दस्तावेजों के अनुसार कान्ये वेस्ट और किम कार्दशियन को उनके बच्चों की ज्वाइंट कस्टडी मिली है। कोर्ट ने कान्ये को कई बड़े आदेश भी दिए। किम और कान्ये को कोर्ट ने मार्च 2022 में सिंगल करार दे दिया।




## हॉलीवुड अदाकारा किर्स्टी एले नहीं रही

**न्यूयार्क।** अमेरीकी टीवी इंडस्ट्री की शान और हॉलीवुड अदाकारा किर्स्टी एले का निधन हो गया। उन्हें कैंसर था. वह 71 साल की थीं। वह 2 बार एमी अवॉर्ड जीत चुकी थीं। उन्हें यह अवॉर्ड 'चीयर्स' और 'लुक हू इज टॉकिंग' के लिए मिला था। वह 1980-90 के दशक में अमेरिकी कॉमेडी की दुनिया में बड़ी स्टार रही थीं। किर्स्टी को हाल में ही अपने कैंसर के बारे में पता चल था। क्रिस्टी की फैमिली और मैनेजर ने उनके निधन की जानकारी दी। उनके बच्चों ने एक बयान में कहा कि वह स्क्रीन पर जितनी आइकॉनिक थीं, रियल लाइफ में उतनी ही अमेजिंग मां और दादी भी थी।



## लेटेस्ट वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन सुर्खियों में रहती हैं। कभी एक्टिंग तो कभी उनके ग्लैमरस लुक के चलते वह फैंस का दिल जीतती हैं। हालांकि कई बार वह सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार भी हो जाती हैं। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर फोटोग्राफरों से घिरी हुई हैं और फोटोशूट करवा रही हैं। फैन्स उनके लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पैपराजी की फेवरेट कही जाने वालीं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर अपनी कार को ढूंढती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में फोटोग्राफर उनसे पोज देने के लिए कह रहे हैं। लेकिन वह बेसब्री के साथ अपनी गाड़ी का इंतजार कर रही हैं। अपनी एक्टिंग से फैंस की तारीफ बटोर चुकीं एक्ट्रेस जाह्नवी जहां लगातार शूटिंग में बिजी चल रही हैं तो वहीं उन्होंने हाल ही में अपना घर खरीद लिया है। एक्ट्रेस ने मुंबई के बांद्रा के डुप्लेक्स अपार्टमेंट में घर खरीदा है।



## सोशल मीडिया पर छलका दर्द

**बेंगलुरू।** मशहूर सिंगर लकी अली ने दावा किया है कि उन्हें 'भूमाफिया' की ओर से धमकियां मिल रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया है कि 'भूमाफिया' कर्नाटक में उनके फार्म पर अतिक्रमण कर रहे हैं। लकी अली ने यह भी कहा है कि वह केनचेनाहल्ली, येलहंका में स्थित उनकी संपत्ति में 'जबरन और अवैध रूप से' प्रवेश कर रहे हैं। अपने साथ हुई इस घटना के बारे में लकी अली ने सोशल मीडिया के जरिए बताया है. उन्होंने अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है। लकी अली ने कर्नाटक के पुलिस प्रमुख इस घटना के बारे में बताया है। लकी अली ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मेरा फार्म खेत जो कि केनचेनाहल्ली येलहंका में स्थित एक ट्रस्ट संपत्ति है. उस पर बैंगलोर के भू-माफिया सुधीर रेड्डी (और मधु रेड्डी) की ओर से अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। वह अपनी पत्नी जो रोहिणी सिंधुरी नाम की एक आईएएस अधिकारी हैं, के साथ अपने निजी फायदे के लिए सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

टीवी मसाला

## शाहरुख-अजय की मिमिक्री पर हंसते-हंसते लोट-पोट हुईं काजोल

**मुंबई।** काजोल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सलाम वेंकी' के प्रमोशन में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस अपनी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में 'द कपिल शर्मा शो' में नजर आने वाली हैं। इस दौरान काजोल ने निर्देशक रेवती और को-स्टार विशाल जेठवा के साथ नजर आएंगी। शो से जुड़े रिलीज किए गए प्रोमो में साफ नजर आ रहा है कि काजोन से प्रमोशन के दौरान अपनी टीम के साथ काफी मस्ती मजाक किया। कपिल शर्मा भी उनके साथ मजाक करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान शो के एक्टर जय विजय सेट पर अजय देवगन की नकल करते नजर आ रहे हैं, जिसे देख काजोल हंस हंस कर लोट-पोट होती नजर आ रही है। कपिल के इस पॉपुलर शो में अक्सर सेलिब्रिटीज अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने आते हैं. इस हफ्ते काजोल ने उनके शो में शिरकत की है। रिलीज हुए प्रोमो में आप देख सकते हैं कि सबसे पहले शो में काजोल एंट्री करती हैं।



## 'इमली' फेम हेतल हादसे का शिकार

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे सुपरहिट शो में शामिल 'इमली' में शिवानी राणा का किरदार निभा रहीं एक्ट्रेस हेतल यादव एक बड़े हादसे का शिकार हो गईं। शो की शूटिंग से घर लौटते वक्त उनका एक्सीडेंट हो गया। वह खुद कार चला रही थीं। हेतल की कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। हालांकि उन्हें कुछ नहीं हुआ लेकिन वह इस एक्सीडेंट की वजह से वह सदमे में पहुंच गईं। यह हादसा जेवीएलआर हाइवे पर बीती रात लगभग 9 बजे हुआ। एक्सीडेंट के तुरंत बाद उन्होंने अपने बेटे को कॉल किया और पुलिस को भी इस घटना की जानकारी दी। हेतल यादव ने कहा, "मैंने कल रात लगभग 8:45 बजे पैक किया और फिल्म सिटी से घर पहुंचने के लिए निकली। जैसे ही मैं जेवीएलआर हाईवे पर पहुंची, एक ट्रक ने मेरी कार को टक्कर मार दी और जिससे मेरी कार घसीटते हुए फ्लाईओवर के किनारे तक पहुंच गई और गिरने ही वाली थी।"



## रणवीर से टकरा सकते हैं फवाद

**नई दिल्ली।** इन दिनों पाकिस्तान की एक फिल्म ने दुनिया भर में धूम मचा रखी है। फवाद खान और माहिरा खान स्टारर 'द लेजेंड ऑफ मौला जट्ट' ने किसी पाकिस्तानी फिल्म के कमाई के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। अब खबरें आ रही हैं कि फिल्म को भारत में भी रिलीज किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 23 दिसंबर को भारत में रिलीज हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो फिल्म की टक्कर रणवीर सिंह की सर्कस से हो सकती है। सर्कस भी इसी दिन रिलीज होने जा रही है और फिल्म के डायरेक्टर रोहित शेट्टी हैं। 'द लेजेंड ऑफ मौला जट्ट' के एक्टर फवाद खान भारत में भी एक लोकप्रिय नाम हैं। वह बॉलीवुड में खूबसूरत और कपूर ऐंड संस जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। फवाद की फिल्म 13 अक्तूबर को रिलीज हुई थी और अब तक यह 200 करोड़ रुपये कमा चुकी है। इस तरह यह एकमात्र पाकिस्तानी फिल्म है जिसने अभी तक इस रिकॉर्ड को कायम किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'द लेजेंड ऑफ मौला जट्ट' को भारत में जी स्टूडियोज रिलीज कर सकता है। फिल्म को 23 दिसंबर को रिलीज करने की जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। माना जा रहा है कि भारत में रिलीज को लेकर अगले हफ्ते तक परिस्थितियां साफ हो सकेंगी।

## अनुष्का बोली- मनोरंजन के लिए की 'घोड़े पे सवार!'

*मुंबई। कला में अनुष्का शर्मा ने एक रेट्रो सुपरस्टार के रूप में अपने कैमियो से दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। फिल्म में उनकी मौजूदगी को बेहद रहस्यमय रखा गया था और ऐसा लगता है कि यह दर्शकों के बीच बात करने एक बड़ा बिंदु बन गया है, जो इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वे उन्हें स्क्रीन पर और अधिक किस तरह से देखना चाहते हैं! कला फिल्म का बहुचर्चित गीत 'घोड़े पे सवार' में अनुष्का की विशेष उपस्थिति है,जिसके बारे मे बहुत से लोग दिलचस्पी से बात कर रहे हैं! फिल्म में, अनुष्का ब्लैक एंड व्हाइट असेंबल में 1940 के दशक के स्टार के रूप में गाने में लिप-सिंक करती हुई नजर आ रही हैं, जिसे प्रतिभाशाली तृप्ति डिमरी के किरदार कला मंजुश्री ने गाया था। अनुष्का इस बात से खुश हैं कि उनकी मौजूदगी ने उन लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है जो उनके भाई कर्णेश शर्मा के प्रोडक्शन में उनके प्रदर्शन के बारे में उत्साहित हैं। वह कहती हैं, "मैंने इस गाने को इसके मनोरंजन के लिए किया था। कोई दूसरी वजह नहीं है और मुझे इसे करने में बहुत मजा आया! मुझे एक बीते हुए जमाने की अभिनेत्री की भूमिका निभाने में बहुत अच्छा लगा और मैं अपनी विशेष उपस्थिति के लिए लोगों की प्रतिक्रिया देखकर वाकई खुश हूं। मैंने सोचा नही था कि लोग इसे इतना पसंद करेंगे लेकिन मुझे खुशी है कि कुछ समय बाद मुझे स्क्रीन पर देखकर वो खुश हैं।" काम के मोर्चे पर, अनुष्का बहुचर्चित फिल्म चकदा एक्सप्रेस में प्रतिष्ठित भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के रोल को निभाती नजर आएंगी। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट की सबसे सम्मानित क्रिकेटर के जीवन और वक्त से प्रेरित है।*



### नेटिजन्स ने लुटाया प्यार

कला के रिलीज होते ही, दर्शकों ने सोशल मीडिया पर अनुष्का के लिए अपने प्यार की बारिश कर दी! एक गीत में ऐक्ट्रेस की मौजूदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए, नेटिजन्स ने इस तरह की बाते लिखीं: 'अनुष्का शर्मा को चार साल बाद स्क्रीन पर देखकर अच्छा लग रहा है', 'अनुष्का शर्मा का रेट्रो हीरोइन लुक वाकई गौरवपूर्ण है', 'अनुष्का शर्मा खूबसूरती और प्रतिभा का संयोजन हैं। इस महिला की स्क्रीन पर उपस्थिति बहुत अच्छी है। उनके कमबैक का इंतजार है'।

### कोई पहनता है काला धागा तो कोई खरीदता है नींबू मिर्च

## बुरी नजर से बचने के लिए करते हैं टोटकों पर विश्वास

*मुंबई। कोई भी काम अच्छी तरह से हो जाने के लिए लोग मेहनत तो करते हैं, लेकिन उन्हें एक शक्ति पर भी विश्वास होता है जो उनके हर बिगड़े काम को बना देती है, जिसे आम तौर पर लोग अंधविश्वास कहते हैं। इस अंधविश्वास में कई चीजें शामिल होती हैं। कोई नींबू मिर्च जैसी चीजें लगाता है, तो कोई काला धागा पहनता है तो कोई नजर का टीका लगाता है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि यह सारी चीजें बॉलीवुड के कई स्टार्स भी करते हैं। कोई अपनी फिल्म रिलीज से पहले मुराद मांगता है, तो कोई काला धागा पहन कर खुद को नजर से बचाता है। आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ अंधविश्वास पर विश्वास करने वाले सितारों के बारे में बताते हैं, जो तरह-तरह के टोटके करते हैं।*

### दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की मस्तानी यानी कि दीपिका पादुकोण अपनी हर फिल्म की रिलीज से पहले किसी ना किसी मंदिर में जाकर माथा जरूर टेकती हैं। उनका विश्वास है कि ऐसा करने से उनकी फिल्म हिट होती है।

### रणवीर सिंह


एक्टर रणवीर सिंह भी खुद को नजर से बचाने के लिए एक पैर में काला धागा बांधे हुए हैं। इसे वो अपना लकी चार्म भी मानते हैं। उन्होंने बताया था कि यह धागा उन्हें उनकी मां ने पहनाया है।

### अक्षय कुमार

इस लिस्ट में खिलाड़ी कुमार यानी कि अक्षय कुमार का नाम भी शामिल है, जो अपनी फिल्म के रिलीज होने से पहले ही भारत से बाहर चले जाते हैं। अक्षय का मानना है कि ऐसा करने से उनकी फिल्म हिट हो जाती है।

### बिपाशा बसु

हाल ही में मां बनी बॉलीवुड एक्ट्रेस बिपाशा बसु भी अंधविश्वास में काफी विश्वास रखती हैं। वो हर शनिवार को नींबू मिर्च खरीदती हैं और इसे वह अपनी कार में और घर के बाहर बांधती हैं।



### शाहरुख खान

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान भी अंधविश्वासी हैं। शाहरुख अपना हर काम 555 नंबर से जोड़ते हैं, क्योंकि 5 उनका लकी नंबर है। उनकी सभी गाड़ियों का नंबर भी 555 ही होता है।

### सलमान खान

सलमान खान भी अपना लकी चार्म अपने ब्रेसलेट को मानते हैं। यह ब्रेसलेट उन्हें उनके पापा सलीम खान ने दिया था और इस ब्रेसलेट को वो हमेशा अपने हाथ में पहनते हैं।


### कैटरीना कैफ

अगला नाम जानकर तो आपको भी हैरानी होगी, क्योंकि एक्ट्रेस भले ही इंडिया में पैदा नहीं हुई, लेकिन वो अंधविश्वास में खूब विश्वास करती हैं। जी हां, बात है कैटरीना कैफ की।वह अपनी हर फिल्म की रिलीज से पहले अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह पर जरूर जाती है।



# परोपकारी नायकों की सूची में तीन भारतीय शामिल

■ सूची में गौतम अडाणी और शिव नादर व अशोक सूता भी शामिल


गौतम अडाणी

**सिंगापुर (भाषा)।** फोर्ब्स की एशिया की परमार्थ कार्य करने वाले नायकों की सूची में भारत के अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी, शिव नादर और अशोक सूता के साथ-साथ मलयेशियाई-भारतीय कारोबारी ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया को शामिल किया गया है। एशिया के परमार्थ नायकों की सूची का 16वां संस्करण मंगलवार को यहां जारी किया गया। अडाणी ने इस साल जून में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 60,000 करोड़ रुपए (7.7 अरब डालर) परमार्थ कार्यों पर खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई है।


शिव नाडर

शिव नादर देश के प्रमख दानदाताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने शिव नादर फाउंडेशन के माध्यम एक दशक के दौरान एक अरब डालर परमार्थ कार्यों में लगाए हैं। इस साल उन्होंने फाउंडेशन को 11,600 करोड़ रुपए (14.2 करोड़ डालर) का दान दिया है। उन्होंने फाउंडेशन की मदद से कई शैक्षणिक संस्थानों मसलन स्कूलों और विश्वविद्यालयों की स्थापना की है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज अशोक सूता ने चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र के न्यास को 600 करोड़ रुपए (7.5 करोड़ डालर) देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस न्यास का गठन उन्होंने 2021 में किया था। क्वालालंपुर की निजी इक्विटी कंपनी क्रिएडर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मलेशियाई-भारतीय ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया क्रिएडर फाउंडेशन की मदद से मलयेशिया और भारत में स्थानीय समुदायों को समर्थन देते हैं। यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी सह-स्थापना 2018 में की गई थी। इस साल मई में उन्होंने एक शिक्षण अस्पताल के निर्माण के लिए पांच करोड़ मलेशियाई रिंगिट (1.1 करोड़ डालर) देने की प्रतिबद्धता जताई है। वासुदेवन ने कहा, 'हमें खुशी है कि और लोग भी हमारे साथ इस काम में आगे आ रहे हैं। अब इस परियोजना के लिए पूरा वित्तपोषण मिल गया है।'


ब्रह्मल वासुदेवन


शांति कंडिआ


अशोक सूता

## कम पानी की जरूरत वाली फसलों को अपनाने की सलाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के भारत में पूर्व निदेशक बिशो पराजुली ने कहा है कि भारत कम पानी और ऊंचे तापमान के दबाव को सहन करने की क्षमता रखने वाली फसलों को अपनाने और नई किस्मों के विकास का प्रयास कर रहा है।

पराजुली ने अपनी सेवानिवृत्ति से पहले कहा कि तेजी से बदलती जलवायु के मद्देनजर इस कार्य को अधिक गंभीरता से करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें खुद को तापमान में बदलाव के अनुरूप ढालने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'इस बात को लेकर चर्चा और प्रयास हो रहे है कि कम पानी का इस्तेमाल करने वाली फसलों को अपनाया जाए और नई किस्में लाई जाएं। आय में विविधता की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे है।' पराजुली ने कहा, 'मै कहूंगा कि भारत को इस काम के लिए अधिक तेजी से प्रयास करने चाहिए, क्योंकि जलवायु भी तेजी से बदल रही है।'

उन्होंने कहा कि मौजूदा परिप्रेक्ष्य में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि हम नई किस्मों को अपनाएं। कुछ उसी तरह से जैसा हरित क्रांति के दौरान ऊंची उपज वाली फसलों के लिए किया गया था। उन्होंने कहा, 'हमें कम में काम करने की जरूरत है। जिनसे आगे चलकर अधिक पैदावार ली जा सके। साथ ही हमें तापमान में बदलाव के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत है।' उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि पानी का इस्तेमाल कम से कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए क्योंकि यह एक ऐसा संसाधन है जो धीरे-धीरे घट रहा है।

# विश्व बैंक ने भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाया

■ चालू वित्त वर्ष के लिए 6.9 फीसद किया ■ पहले लगाया था 6.5 फीसद का अनुमान

**नई दिल्ली (भाषा)।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर प्ा ति क ू ला घटनाक्रमों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। इससे पहले अक्टूबर में विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के वृद्धि दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से एक प्रतिशत घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। अब उसने वृद्धि दर के अनुमान को फिर बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने मंगलवार को जारी भारत से संबंधित अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहे है। इस वजह से पूरे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया जा रहा है। पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में भारत की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितम्बर की तिमाही में अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। वहीं जून तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही थी।

विश्व अर्थव्यवस्था में सुस्ती के बीच यह किसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी का भारत की वृद्धि दर के बारे में पहला अनुमान है। विश्व बैंक की 'तूफान में आगे बढ़ना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक हालात खराब होने का असर भारत की वृद्धि संभावनाओं पर पड़ेगा।

### फिच ने वृद्धि दर अनुमान सात फीसद पर बरकरार रखा

नई दिल्ली (भाषा)। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष (2022-23)के लिये भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। उसने कहा कि भारत इस साल उभरते बाजारों में सबसे तीव्र आर्थिक वृद्धि हासिल वाला देश हो सकता है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने अगले दो वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर अनुमान को घटाया है।

### राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करेगा भारत

नई दिल्ली (भाषा)। विश्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.4 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य हासिल करने की राह पर अग्रसर है। विश्व बैंक ने भारत पर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि राजस्व संग्रह में तीव्र वृद्धि होने से चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 6.4 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य तक सीमित रह सकता है।



■ इससे पहले अक्टूबर में विश्व बैंक ने जताया था साढ़े सात फीसद की वृद्धि का अनुमान
■ बीते साल यानी वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की वृद्धि दर 8.7 फीसद दर्ज की गई थी

## भारत आएंगे ट्रंप जूनियर रियल एस्टेट कारोबार में कर सकते हैं विस्तार

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिकी कंपनी ट्रंप आर्गेनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप जूनियर इस महीने भारत आ सकते हैं। इस दौरे में वह भारतीय रियल एस्टेट कारोबार में विस्तार की घोषणा भी कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप जूनियर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के बेटे हैं।

ट्रंप आर्गेनाइजेशन मुंबई के ट्रिबेका डेवलपर्स के साथ साझेदारी में भारतीय रियल एस्टेट बाजार में उतरी है। अमेरिकी कंपनी और ट्रिबेका ने 'ट्रंप' ब्रांड के तहत महंगी परियोजनाओं के विकास के लिए लोधा समूह समेत स्थानीय डेवलपरों के साथ करार किए हैं। अब तक चार महंगी परियोजनाओं की घोषणा की गई है जिनमें से पुणे स्थित एक परियोजना पूरी भी हो चुकी है। ट्रिबेका डेवलपर्स ने बयान में कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ट्रिबेका डेवलपर्स की दसवीं वर्षगांठ के समारोह में शामिल होने के लिए इस महीने भारत आ सकते हैं।' इस दौरे में ट्रंप जूनियर और ट्रिबेका के संस्थापक कल्पेश मेहता देश में कारोबार विस्तार की योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं।

मेहता ने कहा, 'ट्रिबेका और ट्रंप आर्गेनाइजेशन की कारोबारी साझेदारी बीते दस साल से चली आ रही है और समय बीतने के साथ यह और मजबूत हुई है। दस साल का जश्न डोनाल्ड ट्रंप जूनियर के बगैर पूरा नहीं होगा और मुझे खुशी है कि वह इस अवसर पर यहां आएंगे।'

# लखनऊ से अकासा की उड़ानें 25 से

■ शुरुआत में मुंबई और बेंगलुरु के लिए शुरू की जाएंगी उड़ान

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय आकाश में नवोदित एयरलाइन अकासा अब उत्तर प्रदेश से भी जुड़ने जा रही है। क्रिसमस के मौके पर अकासा लखनऊ से मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ानें शुरू करने जा रही है।

■ मुंबई के लिए सुबह 11 बजे और बेंगलुरु के लिए अपराह्न 4.30 बजे होगी उड़ान
■ बेंगलुरु से लखनऊ के लिए सुबह 7.30 बजे और मुंबई से लखनऊ के लिए अपराह्न 1.50 बजे होगी उड़ान
■ अकासा का 11वां गंतव्य बनेगा लखनऊ
■ फिलहाल छोटे शहरों पर है कंपनी का फोकस

एयरलाइन ने यहां यह घोषणा की। एयरलाइन का यह 11वां गंतव्य होगा। लखनऊ से मुंबई के लिए सुबह 11 बजे और बेंगलुरु के लिए अपराह्न 04.30 बजे की उड़ानें होंगी। इसी प्रकार से बेंगलुरु से लखनऊ के लिए सुबह साढ़े सात बजे और मुंबई से लखनऊ के लिए अपराह्न 01.50 बजे अकासा उड़ान भरेगी। अकासा इसके साथ ही बेंगलुरु से 26 उड़ानें संचालित करने लगेगी।

एयरलाइन का कहना है कि उनका फोकस मेट्रोपोलिटन महानगरों से टियर 2 एवं 3 के शहरों के लिए सेवाएं शुरू करना है।

अकासा 29 दिसम्बर से कोच्चि से बेंगलुरु के बीच तीसरी दैनिक उड़ान शुरू करने जा रही है। यह रात्रि सेवा होगी। अकासा एयलाइंस अपनी स्थापना के बाद से ही लगातार अपना ध्यान नए शहरों को जोड़ने पर केंद्रित कर रही है।

■ 29 दिसम्बर से कोच्चि से बेंगलुरु के लिए तीसरी दैनिक उड़ान शुरू करेगी कंपनी
■ अकासा एयरलाइंस की रात्रि सेवा के रूप में चलाई जाएगी यह उड़ान




## जाफना से भारत की उड़ान अगले हफ्ते शुरू करेगा श्रीलंका

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका उत्तरी जाफना प्रायद्वीप से चेन्नई के लिए उड़ान सेवा अगले सप्ताह से फिर शुरू करने जा रहा है। सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के पर्यटन क्षेत्र को मदद मिलने की उम्मीद है।

पर्यटन श्रीलंका की विदेशी मुद्रा आय का प्रमुख स्रोत है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से ही श्रीलंका का पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यह श्रीलंका के ताजा आर्थिक संकट की एक बड़ी वजह है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के अनुसार, नवम्बर में देश की विदेशी पर्यटकों से आय 10.75 करोड़ डालर पर पहुंच गई। चालू कैलेंडर साल के पहले 11 माह में श्रीलंका की विदेशी पर्यटकों से कमाई 112.94 करोड़ डालर रही है। श्रीलंका के विमानन मंत्री निमल सिरिपाला डि सिल्वा ने बताया कि पलाली से भारत के लिए उड़ान संभवतः 12 दिसम्बर तक शुरू हो जाएगी।

मंत्री ने कहा कि जाफना से चेन्नई के बीच उड़ान का परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी में कुछ सुधार की जरूरत है।

# यूनियन बैंक को मिले छह आईबीए पुरस्कार

■ सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी वाला बैंक होने का भी गौरव मिला

**मुंबई (वार्ता)।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक आफ इंडिया को विभिन्न श्रेणियों के तहत आईबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कारों के 18वें संस्करण में घोषित बड़े बैंकों की श्रेणी के अंतर्गत 6 पुरस्कार मिले हैं।




बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि बैंकिंग में डिजिटल और एनालिटिक्स का भविष्य मनाते हुए इस वर्ष के आईबीए पुरस्कारों ने बैंकिंग उद्योग में उन प्रौद्योगिकियों और कार्यप्रणालियों को मान्यता दी है जिन्होंने पिछले वर्ष में उच्च स्तर का नवाचार का प्रदर्शन किया है। यूनियन बैंक आफ इंडिया को सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक , सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन और सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकी प्रतिभा के लिए बड़े बैंकों की श्रेणी (सार्वजनिक और निजी) के तहत विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है।

पुरस्कारों का चयन ग्राहक सुविधा, प्रणाली के लचीलेपन और निरंतर सुधार के क्षे में नवीन पद्धति के कार्यान्वियन के आधार पर किया गया था। बैंक को लगातार चौथे ठा ष ा सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन के तहत सम्मानित किया गया है। बैंक ने सर्वश्रेष्ठ एआई एंड एमएल बैंक, सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन और सर्वश्रेष्ठ फिनटेक सहयोग श्रेणी के तहत एक विशेष पुरस्कार भी प्राप्त किया है।

# नडेला से मिले टीएस संधू



**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने सिएटल में माइक्रोसाफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान साफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी के भारत में शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कामकाज पर विचार-विमर्श किया गया। अक्टूबर में नडेला (55) को सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डा. टी वी नागेंद्र प्रसाद ने प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया था।

माइक्रोसाफ्ट के मुख्यालय में नडेला के साथ बैठक के बाद संधू ने ट्वीट किया, 'भारत में माइक्रोसाफ्ट के कौशल, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कार्यो पर चर्चा हुई।' माइक्रोसाफ्ट महामारी पर वैश्विक कार्यबल की संस्थापक सदस्य है। महामारी के दौरान इसने संकट के समय काफी काम किया है। भारत में कई स्कूलों में वर्चुअल पढ़ाई के लिए माइक्रोसाफ्ट की टीमों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा माइक्रोसाफ्ट ने निजी के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के श्रमबल को कौशल प्रदान करने का काम किया है।

## सोना 473 रुपए टूटा

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 473 रुपए टूटकर 53,898 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 54,371 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह चांदी भी 1,241 रुपए के नुकसान से 65,878 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ 1,770.75 डालर प्रति औंस पर था। चांदी भी नुकसान के साथ 22.38 डालर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'उम्मीद से बेहतर अमेरिका के सेवा क्षेत्र के आंकड़ों से फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों को ऊंचा रखने का दबाव बढ़ा है। इससे पीली धातु में गिरावट आई।'


# सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाने तक घटाया जाए उत्पाद शुल्क

■ किरीट पारिख समिति ने सौंपी अपनी रिपोर्ट ■ राज्यों के साथ सहमति बनाने का भी सुझाव

नई दिल्ली (भाषा)।

**नई दिल्ली (भाषा)।** किरीट पारिख समिति ने सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाए जाने तक इस पर लगाए जाने वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है।

प्राकृतिक गैस की कीमत समीक्षा के लिए गठित पारिख समिति ने पिछले हफ्ते पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सौपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाया जाना चाहिए। समिति ने रिपोर्ट में कहा है, 'हमारा मत है कि इस मसले पर राज्यों के बीच सहमति बनाने की जरूरत है। इस मकसद को हासिल करने के लिए राज्यों को राजस्व में किसी भी तरह की क्षति के एवज में पांच साल तक मुआवजे का प्रावधान किया जा सकता है। सहमति बनाने की प्रक्रिया अब शुरू की जानी चाहिए।'




प्राकृतिक गैस के साथ कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल एवं विमान ईंधन एटीएफ को जुलाई, 2017 में जीएसटी व्यवस्था लागू होने के समय से ही इस एकीकृत कर प्रणाली से बाहर रखा गया है। हालांकि, सीएनजी पर पहले से लागू केंद्रीय उत्पाद शुल्क, राज्य वैट कर और केंद्रीय बिक्री कर अब भी बरकरार है। केंद्र सरकार सीएनजी पर 14 प्रतिशत की दर से उत्पाद शुल्क वसूलती है जबकि राज्यों में इस पर 24.5 प्रतिशत तक मूल्यवर्द्धित कर (वैट) लगा हुआ है।

पारिख समिति सीएनजी को भी जीएसटी के दायरे में लाने के पक्ष में है लेकिन इसके लिए राज्यों की सहमति लेनी जरूरी होगी। गुजरात जैसे गैस-उत्पादक राज्यों को यह डर सता रहा है कि वैट एवं अन्य शुल्कों को जीएसटी में समाहित कर दिए जाने पर उन्हें राजस्व का बड़ा नुकसान हो सकता है। इस आशंका को दूर करने के लिए समिति ने सुझाव दिया है कि जीएसटी में सीएनजी को लाए जाने तक सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दर में कटौती कर सकती है ताकि उपभोक्ताओं पर प्राकृतिक गैस की ऊंची कीमतों के बोझ को कम किया जा सके।

दरअसल, सीएनजी को जीएसटी के दायरे में नहीं रखने से प्राकृतिक गैस कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि कीमतों का निर्धारण गैस उत्पादक एवं आपूर्तिकर्ता ही करते है। किरीट पारीख समिति ने सीएनजी की कीमतों में कमी लाने के लिए घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस के लिए एक न्यूनतम एवं अधिकतम मूल्य तय करने का सुझाव भी सरकार को दिया है।

# 2030 तक डीजल व पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ देंगे ईवी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य उज्जवल प्रतीत हो रहा है क्योंकि वर्ष 2030 तक इन वाहनों के डीजल और पेट्रोल चालित वाहनों को पीछे छोड़ देने का अनुमान है। भारत की टेक-फर्स्ट इंश्योरेंस कंपनी एको और यूगॉव इंडिया द्वारा पेश रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश भारतीय ग्राहक (57 प्रतिशत) इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में निवेश करना चाहते है, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहन अनेक व्यवहारिक फायदे प्रदान करते है, जबकि 56 प्रतिशत लोग इलेक्ट्रिक वाहन इसलिए खरीदना चाहते है क्योंकि वो पर्यावरण के लिए अच्छे होते है। उपभोक्ताओं का मानना है कि भविष्य इलेक्ट्रिक है जहां अधिकांश उत्तरदाता (60 प्रतिशत) का मानना है कि भारत में मौजूदा इन्फ्रास्ट्रक्चर इलेक्ट्रिक वाहनों को सपोर्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं है और इसमें भारी सुधार किए जाने की जरूरत है।

सर्वेक्षण में शामिल 89 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि भारत में साल 2030 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार हो जाएगा। 66 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि इलेक्ट्रिक वाहन पेट्रोल और डीजल कारों को पीछे छोड़ देंगे और लंबे समय में पैसे की बचत भी करेंगे।



इलेक्ट्रिक वाहन ही क्यों के जबाव में 44 प्रतिशत उत्तरदाता इलेक्ट्रिक वाहन में इसलिए निवेश करना चाहते है क्योंकि वे इसके द्वारा मिलने वाला लचीलापन पसंद करते है। 47 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा पारंपरिक विकल्पों के मुकाबले प्रति किलोमीटर लागत में काफी कमी आती है।

56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे पर्यावरण की ओर हो रहे जिम्मेदार परिवर्तन का हिस्सा बनना चाहते है, और नई तकनीक में दिलचस्पी रखते है।

## मारुति ने सीट बेल्ट की गड़बड़ी ठीक करने को वाहन वापस मंगाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने आगे की सीट बेल्ट में संभावित गड़बड़ी को ठीक करने के लिए सियाज, ब्रेजा, एर्टिगा, एक्सएल 6 और ग्रैंड विटारा की 9,125 इकाइयां बाजार से वापस मंगाई हैं।

मारुति ने बाजार को दी सूचना में कहा कि इन वाहनों का विनिर्माण दो से 28 नवम्बर, 2022 के दौरान हुआ है। कंपनी ने कहा, 'आगे की सीट बेल्ट में कुछ संभावित गड़बड़ी का पता चला है। इसे सीट बेल्ट खुल सकती है।' कंपनी ने कहा है कि वह प्रभावित वाहनों को जांच के लिए वापस मंगा रही है और खराब बेल्ट को निःशुल्क बदला जाएगा।

# कॉनकॉर्ड बायोटेक, वैभव जेम्स के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** रेयर एंटरप्राइजेज समर्थित कॉनकॉर्ड बायोटेक और दक्षिण भारत के एक प्रमुख क्षेत्रीय आभूषण ब्रांड वैभव जेम्स एन को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए पूंजी जुटाने की मंजूरी मिल गई है। दोनों कंपनियों ने अगस्त और सितम्बर के बीच बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे। सेबी की ओर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इन कंपनियों को 28 नवम्बर से दो दिसम्बर के दौरान आईपीओ के लिए नियामक की ओर से 'निष्कर्ष' मिल गया है। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का 'निष्कर्ष' जरूरी होता है।

दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, कॉनकॉर्ड बायोटेक का आईपीओ पूरी तरह से निजी इक्विटी फर्म क्वाडरिया कैपिटल समर्थित हेलिक्स इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड द्वारा 2,09,25,652 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। दस्तावेजों के अनुसार, वैभव जेम्स एन अपने आईपीओ में 210 करोड़ रुपये तक के नये शेयर जारी करेगी। इसके अलावा इसकी एक प्रवर्तक इकाई 43 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगी।

# स्पेन फीफा विश्वकप से बाहर

## पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-0 से हराकर पहली बार क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचा मोरक्को



**दोहा।** 22वीं रैंकिंग वाली टीम मोरक्को ने बड़ा उलटफेर करते हुए फीफा विश्वकप 2022 के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में 2010 की चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराकर पहली बार क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई।

मोरक्को की जीत के हीरो गोलकीपर यासिन बोनो रहे जिन्होंने स्पेन को शूटआउट में एक भी गोल नहीं करने दिया और कुल तीन सेव किए। सातवीं रैंकिंग वाली स्पेन की टीम लगातार दूसरी बार प्री-क्वॉर्टर फाइनल में हार गई। पिछली बार उसे रूस ने पेनल्टी शूटआउट में ही हराया था। निर्धारित 90 मिनट तक एक भी गोल नहीं होने के बाद मैच एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। एक्स्ट्रा टाइम के समाप्त होने के बाद स्कोर 0-0 ही रहा। फिर मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मोरक्को के लिए पेनल्टी शूटआउट में अब्देलहमीद साबिरी, हाकिम जिएच और अशरफ हकीमी ने गेंद को गोलपोस्ट में भेजा। उसके लिए बद्र बेनउल गोल पेनल्टी शूटआउट में चूक गए। वहीं, स्पेन के लिए पाब्ले सराबिया, कार्लोस सोलर और सर्जियो बुस्केट्स चूक गए। तीनों गेंद को गोलपोस्ट में नहीं भेज सके। इस तरह मोरक्को ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-0 से हरा दिया। 1966 के बाद से विश्वकप के किसी मैच के पहले हाफ में स्पेनिश टीम का यह सबसे कम अटेंप रहा। हालांकि बॉल पजेशन के मामले में स्पेनिश टीम मोरक्को से आगे रही और उसने लगभग 69 फीसदी समय बॉल अपने पास रखा। स्पेनिश टीम छोटे-छोटे पास करने में माहिर है, ऐसे में वह इस मामले में मोरक्को पर भारी पड़ी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों के बीच रोचक मुकबला हुआ। हालांकि स्पेन के पास गोल करने के कुछ मौके बने थे। उदाहरण के लिए निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले फ्री-किक पर स्पेन गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन विपक्षी गोलकीपर ने बेहतरीन सेव करके उसे कॉर्नर में तब्दील कर दिया।

### 21 करोड़ डॉलर में सऊदी क्लब से जुड़ेंगे रोनाल्डो

**मैड्रिड।** मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने वाले 37 वर्षीय फुटबाल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने 21 करोड़ डॉलर सालाना वेतन देने की पेशकश की है। यह अनुबंध राशि मौजूदा साल में किसी भी खिलाड़ी को मिलने वाले वेतन की तुलना में दो गुने से अधिक है। इससे पहले मुक्केबाज कैनेलो अल्वारेज को 84 मिलियन डालर सालाना और एनएफएल क्वार्टरबैक मैथ्यू स्टैफोर्ड ने 72 मिलियन डालर की धनराशि अर्जित की है। सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) को दुनिया की शीर्ष फुटबॉल लीगों में से एक नहीं माना जाता है, लेकिन अल नासर - कथित तौर पर रोनाल्डो को लेने वाली टीम, सऊदी अरब के अधिक सफल क्लबों में से एक है। वास्तव में, टीम नौ प्रीमियर लीग खिताब, छह किंग्स कप, तीन क्राउन प्रिंस कप, तीन फेडरेशन कप और दो सऊदी सुपर कप जीतकर इस समय लीग में दूसरे स्थान पर है। क्लब सऊदी की राजधानी रियाद में स्थित है। पांच बार चैंपियंस लीग विजेता और 819 गोल के साथ शीर्ष स्कोरिंग अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोनाल्डो के साथ अनुबंध करने में कई क्लबों ने अपनी इच्छा का इजहार किया है मगर स्टार फुटबालर ने किसी भी अफवाह का खंडन नहीं किया है।

# ब्राजील का दमदार अभियान जारी

## दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर छठे विश्वकप खिताब के लिए बढ़ाया कदम



**दोहा, (एजेंसी)।** पांच बार की चैम्पियन ब्राजील ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज कर फीफा विश्वकप के क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उसने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिए। विनीसियस जूनियर ने शानदार फिनिश के साथ ब्राजील को आगे रखा और पेनल्टी स्पॉट से नेमार ने बढ़त को दोगुना कर दिया। दक्षिण कोरिया के लिए खेलने आए स्थानापन्न खिलाड़ी पाइक सेनघो के आने से पहले रिचर्डसन और लुकास पाक्वेटा ने इस अन्तर को और बढ़ा दिया। ब्राजील 9 दिसंबर को क्रोएशिया से भिड़ेगा और इस मुकाबले में सेमीफाइनल में उसकी जगह दांव पर होगी। इस मुकाबले के बाद दक्षिण कोरिया ,जो 2002 के बाद पहली बार क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहा था, टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

ब्राजील के लिए पहला गोल 7वें मिनट में विनीशियस जूनियर ने, दूसरा गोल 13वें मिनट में नेमार, तीसरा गोल 29वें मिनट में रिचर्लिसन और चौथा गोल 36वें मिनट में लुकस पकेटा ने किया। ब्राजील इस पूरे मुकाबले में शुरुआत से ही हावी रहा और उन्होंने दक्षिण कोरिया को वापसी करने का एक भी मौका नहीं दिया। इस मैच में दक्षिण कोरिया के लिए एक मात्र गोल 76वें मिनट में पाइक सियुंग हो ने किया। हालांकि इसके बाद कोरिया की ओर से एक भी गोल नहीं हो सका और वह यह मुकाबला हारकर विश्व कप से बाहर हो गई। मैन ऑफ द मैच रहे नेमार ने चोट के बाद जोरदार वापसी की। उन्होंने टीम के एक गोल दागा, एक गोल में मदद करते हुए एक असिस्ट भी किया।

### टीम के मैजेजर टिटे ने ब्राजील के आक्रामक खेल की प्रशंसा की

जीत के बाद ब्राजील के मैनेजर टिटे ने अपनी टीम के आक्रामक खेल की सराहना की है। टिटे ने कहा, यह टीम का आक्रामक तेवर है और जिस तरह हम समग्र रूप से खेले वह प्रभावशाली था। यह टीम कई लोगों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। टिटे ने कहा, हमारे पास एक संतुलित टीम है जो आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह खेल सकती है। खिलाड़ियों को पता है कि इस तरह के टूर्नामेंट में इस तरह का संतुलन बहुत जरूरी है। मैं हमेशा दक्षिण कोरिया के मैनेजर पाउलो बेंटो का सम्मान करूंगा।

### तीन संस्करण में गोल करने वाले ब्राजील के तीसरे खिलाड़ी बने नेमार

नेमार विश्वकप के कम से कम तीन संस्करण में गोल करने वाले ब्राजील के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। नेमार ने 2014, 2018 और 2022 विश्वकप में गोल कर चुके हैं। नेमार से पहले महान फुटबॉलर पेले ( 1959, 1962, 1966, 1970) और रोनाल्डो नजारियो ( 1998, 2002, 2006) विश्वकप में यह कारनामा किया है। पेले इस मामले में नेमार और रोनाल्डो से आगे हैं। नेमार ने रोनाल्डो की बराबरी की। नेमार ने ब्राजील के लिए 76 गोल कर कर चुके है। ब्राजील की ओर से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड पेले के नाम है, जिन्होंने 77 गोल दागे है। नेमार पेले के रिकार्ड को तोड़ने से सिर्फ दो गोल दूर है।

### ब्राजील ने पेले को समर्पित की जीत



ब्राजील की टीम ने अपनी जीत दिग्गज पेले को समर्पित की। बीमार पेले साओ पाउलो के अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। दक्षिण कोरिया पर जीत के बाद दोहा के स्टेडियम 974 में ब्राजील के खिलाड़ियों ने 82 वर्षीय पेले का पोस्टर स्टेडियम में फहराया। फुटबॉल इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक पेले गंभीर रूप से बीमार हैं। हालांकि, उनके परिवार का मानना है कि वह स्वस्थ होकर घर लौटेंगे। टखने की चोट से वापसी करने वाले नेमार ने कहा, पेले अभी जिस स्थिति से गुजर रहे हैं, उनके बारे में बात करना मुश्किल है, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। नेमार ने कहा, मुझे उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द स्वस्थ होकर वापस आएंगे और हम कम से कम जीत के साथ उन्हें दिलासा तो दे सकते थे। पेट के कैंसर के साथ पेले की लड़ाई खिलाड़ियों को रिकॉर्ड छठी बार फीफा चैंपियन बनने के लिए प्रेरित कर रही है। पेले ने ब्राजील के लिए तीन बार विश्वकप जीता है।

# कानिटकर सीनियर महिला टीम के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**मुंबई।** ऋषिकेश कानिटकर को सीनियर महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। बीसीसीआई ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

कानिटकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ दिसंबर से मुंबई में शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से टीम के साथ जुड़ेंगे। महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार, बीसीसीआई के पुनर्गठन मॉड्यूल के हिस्से के तौर पर पुरुष क्रिकेट में स्विच करेंगे और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शामिल होंगे। कानिटकर ने कहा, सीनियर महिला टीम के नए बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया जाना एक सम्मान की बात है। मुझे इस टीम में जबरदस्त संभावनाएं दिख रही हैं और हमारे पास युवाओं और अनुभव का अच्छा मिश्रण है। मेरा मानना है कि यह टीम आगे की चुनौती के लिए तैयार है। हमारे पास कुछ बड़ी प्रतियोगिताएं आ रही हैं और यह टीम के लिए और बल्लेबाजी कोच के रूप में मेरे लिए रोमांचक होने वाला है। पोवार ने कहा एनसीए में अपनी नई भूमिका के साथ, मैं भविष्य के लिए प्रतिभाओं को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने वर्षों के अनुभव को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। मैं खेल और बेंच स्ट्रेंथ के विकास के लिए वीवीएस लक्ष्मण के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### रणजी ट्रॉफी में पहली बार अंपायरिंग करेंगी महिला अंपायर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में पहली बार तीन महिला अंपायर वृंदा राठी, जननी नारायण और गायत्री वेणुगोपालन अंपायरिंग करती हुई नजर आएंगी। गायत्री पूर्व में रणजी ट्रॉफी में रिजर्व यानी चौथे अंपायर की भूमिका निभा चुकी हैं। रणजी ट्रॉफी की शुरूआज 13 दिसंबर से होगी और संयोग से इसी दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में भाग लेगी। ऐसे में इन तीन महिला अंपायरों को रणजी ट्रॉफी में चुनिंदा मैचों में ही अंपायरिंग का मौका मिल पाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में तैयारियों को परखेगी हरमन ब्रिगेड

**कोलकाता।** आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 से पहले कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम नौ दिसम्बर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी2-0 सीरीज में अपनी तैयारियों को परखेगी। वीमेन इन ब्लू की निगाहें आईसीसी महिला टी20 विश्वकप पर टिकी हैं, लेकिन पहले ऑस्ट्रेलिया का सामना करना होगा, जिसने भारत को 2020 के विश्व कप के फाइनल में हराया था। दोनों टीमें चैंपियनशिप और टी20 सीरीज की प्रबल दावेदार हैं। पांच मैचों की टी20 सीरीज नौ दिसंबर से शुरू हो रही है और यह दोनों टीमों के लिए एकदम सही तैयारी होगी क्योंकि वे अगले साल की शुरुआत में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए लय हासिल करने की कोशिश करेंगी।

### भारत-ए ने बांग्लादेश-ए को 252 रन पर समेटा

**सिलहट।** मुकेश कुमार की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ए ने दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में बांग्लादेश ए को पहले दिन ही 252 रन पर समेट दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने बिना किसी नुकसान के 11 रन बनाए थे। उस समय यशस्वी जायसवाल आठ और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन तीन रन पर खेल रहे थे। उमेश ने भारत को पहली सफलता दिलाई और इसके बाद मुकेश कुमार का जादू चला। बांग्लादेश के छह खिलाड़ी दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें शहादत हुसैन ने सर्वाधिक 80 रन का योगदान दिया। उनके अलावा जाकर अली ने 62 रन जबकि जाकिर हसन ने 46 रन का योगदान दिया। मुकेश ने फर्स्ट क्लास करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते 40 रन देकर छह विकेट लिए।

### आईसीसी महिला वनडे प्लेयर रैंकिंग में साइवर तीसरे स्थान पर

**दुबई।** इंग्लैंड की बल्लेबाज नेट साइवर ने आईसीसी महिला रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप (आईडब्ल्यूसी) सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को विजय द्वार पर ले जाने में सफर साइवर अब अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान से महज एक कदम की दूरी पर है। वहीं डैनी व्याट 68 रन और विकेटकीपर एमी जोंस तीन पायदान की छलांग लगाकर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर चार्ली डीन एक पायदान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई जबकि कप्तान हीथर नाइट आठ स्थान की छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गई। वेस्टइंडीज के कप्तान हेले मैथ्यूज एक पायदान ऊपर 17वें स्थान पर हैं। तेज गेंदबाज चिनले हेनरी 59 रन देकर तीन विकेट लेकर पांच पायदान की छलांग लगाकर 41वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच श्रृंखला के पहले दो मैचों में प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए आईसीसी महिला टी20ई खिलाड़ी रैंकिंग में, अमेलिया केर 27 और 46 रन के स्कोर के साथ बल्लेबाजों के बीच 13 पायदान ऊपर 27वें स्थान पर है।

### वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने दिल्ली की अंडर-16 टीम में जगह बनाई

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जाने वाली विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए दिल्ली की अंडर-16 की टीम में जगह बनाई है। आर्यवीर की उम्र अभी 15 साल है। हालांकि आर्यवीर को अभी तक अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला है। आर्यवीर की बल्लेबाजी में पिता वीरेंद्र सहवाग की झलक साफ दिखाई देती है। आर्यवीर सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर प्रैक्टिस की कई सारी वीडियो पोस्ट की है जिसमें वह बल्लेबाजी करते हुए दिख रहे हैं।

## दृष्टिबाधित टी-20 विश्वकप में भारत की विजयी शुरुआत

**नई दिल्ली।** सुनील रमेश और दीपक मलिक के शतकीय प्रहारों की मदद से भारत ने दृष्टिबाधित टी-20 विश्वकप के मुकाबले में नेपाल को 274 रनों से हराकर अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया।

भारतीय कप्तान अजय कुमार रेड्डी ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 382 रन बनाये जिसके जवाब में नेपाल की टीम नौ विकेट पर 108 रन ही बना सकी। सुनील रमेश और कप्तान रेड्डी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 102 रन जोड़े। अजय के आउट होने के बाद ललित मीणा ने सुनील के 72 रनों की भागीदारी की। सुनील ने रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 106 रन बनाए। दीपक मलिक ने 113 रन ठोके वहीं वेंकटेश्वर ने 67 रन बनाए। भारी भरकम लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम पहली गेंद से ही दवाब में आ गयी और नियमित अंतराल पर उसके विकेट गिरते रहे। भारत के क्षेत्ररक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण रही जब उन्होने सात खिलाडियों को रन आउट कर पवेलियन की राह दिखायी। दिल्ली के साकेत स्पोटर्स कांप्लेक्स में खेले गये मैच में बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को 99 रन से हराया।

# आदिल, बटलर व शाहीन प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

## महिलाओं में सिदरा अमीन और लेविस को मिली जगह



**दुबई।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और आदिल राशिद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नवंबर 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल किया है।

आईसीसी द्वारा मंगलवार को जारी नवंबर 22 के उम्दा खिलाड़ियों की सूची में बटलर और आदिल के अलावा पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का नाम भी शामिल है। हाल ही में संपन्न टी-20 विश्व कप में जोस बटलर की शानदार कप्तानी की बदौलत इंग्लैंड को विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ था वहीं आदिल राशिद असरदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के उम्मीदवारों की सूची में शामिल हुए। विश्वकप जीतने से चूकने के बावजूद पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी ने अपनी खतरनाक स्विंग से बल्लेबाजों को खासा परेशान किया।

आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ श्रेणी में, तीन सलामी बल्लेबाजों ने द्विपक्षीय क्रिकेट में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद नवंबर पुरस्कार के लिए अपना दावा पेश किया। पाकिस्तान की सिदरा अमीन प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड्स में नामांकित हुई। उन्होंने लाहौर में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया वहीं आयरलैंड की गेबी लेविस का नाम भी शॉर्टलिस्ट पर रखा गया है।

## फॉर्म में लौटने के लिए शिखर धवन को इस शॉट में करनी होगी महारत हासिल, ओपनिंग करने में होगा फायदा

मीरपुर। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं। धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। धवन ने भारत के लिए करो या मरो जैसा बने इस मैच की पूर्व संध्या पर कहा किअधिक अभ्यास करना अच्छा होता है। इन परिस्थितियों में इन शॉट (स्वीप शॉट और रिवर्स हिट) को खेलने से मदद मिलती है। यहां तक की विश्व कप भी भारत में होगा जहां स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ेंगे, वहां भी ये शॉट मददगार होंगे। मुझे इस तरह के शॉट खेलने में मजा आता है। इन परिस्थितियों में अभ्यास करना अच्छा रहा। धवन के रन बनाने के लिए जूझने के कारण भारत को हाल मे पावर प्ले में नुकसान हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में धवन ने 17 गेंदों पर सात रन बनाए और भारतीय टीम 41.2 ओवर में 186 रन पर आउट हो गई। धवन ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जबकि हमने श्रृंखला का पहला मैच गंवाया। यह सामान्य बात है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में वापसी कैसे करनी है। हम वापसी करने को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। बांग्लादेश का स्कोर एक समय नौ विकेट पर 136 रन था लेकिन मेहंदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान ने आखिरी विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। धवन ने कहा कि ऐसा अक्सर नहीं होता है लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसमें कोई शक नहीं कि बांग्लादेश ने अच्छी क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा कि हमने समीक्षा की है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर आगामी मैचों में हम अधिक प्रभाव छोडेंगे। हम बेहद सकारात्मक हैं और अगला मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं।

# सीरीज में बराबरी करने उतरेगी भारतीय टीम

## दूसरा वनडे आज, मेजबान बांग्लादेश 1-0 से आगे

**मीरपुर।** मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में मिली करीबी हार को भूलाकर भारतीय टीम बुधवार को दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में 1-1 से बराबरी करना चाहेगी।



पहले मैच में भारतीय टीम बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 186 रन ढेर हो गई थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश नेमेहदी हसन मिर्जा की नाबाद 38 रनों की पारी के बदौलत मेजबान को एक विकेट से जीत मिली। पहले मैच में भारतीय टीम के शीर्ष तीन बल्लेबाज शिखर धवन, कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पिछले कुछ समय से भारतीय शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों के साथ मुख्य समस्या यह है कि वह शुरुआत में बहुत ज्यादा डॉट गेंद खेल रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने 42 ओवर की बल्लेबाजी में लगभग 25 ओवर डॉट गेंद खेली। बाकी के आठ ओवर को भी जोड़ दे तो टीम ने लगभग 200 गेंदों पर एक भी रन नहीं बनाया। आधुनिक समय के क्रिकेट में जब इंग्लैंड हर तरह से सभी प्रारूपों में आक्रामक रवैया अपना रहा है तब भारतीय टीम एक कदम आगे और चार पीछे ले जा रही है। राहुल को विकेटीकीपिंग का जिम्मा सौंप कर टीम ने लचीलापन रूख अपनाने की जगह यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राहुल और धवन दोनों को विश्वकप के अंतिम एकादश में कैसे फिट किया जाए।

### भारतीय टीम ने किया अभ्यास

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच से पहले भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने शिखर धवन को बल्लेबाजी टिप्स दिए। इस दौरान नेट्स में कोच द्रविड़ ने शिखर धवन के साथ स्वीप और रिवर्स स्वीप पर बात की. इस दौरान शिखर धवन और कोच राहुल द्रविड़ के साथ श्रेयस अय्यर भी नजर आए। इसके अलावा टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमरान मलिक बाकी खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग सेशन में नजर आए। दरअसल, उमरान मलिक को मोहम्मद शमी के चोटिल होने के बाद आखिरी समय में टीम का हिस्सा बनाया गया। वहीं, ऐसा माना जा रहा है कि बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में उमरान मलिक को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में शार्दुल ठाकुर या फिर कुलदीप सेन को बाहर बैठना पड़ सकता है।

## सीएम ममता ने पुष्कर में ब्रह्माजी के दर्शन किए

**अजमेर,(एजेंसी)।** पश्चिमी बंगाल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को अपनी धार्मिक यात्रा में अजमेर जिले के तीर्थराज पुष्कर पहुंचकर जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में भगवान ब्रह्माजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुश्री बनर्जी अजमेर दरगाह जियारत बाद हिन्दुओं के पवित्र तीर्थराज पुष्कर पहुंची, जहां उन्होंने जगतपिता ब्रह्मा मंदिर में भगवान ब्रह्माजी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कडे पुलिस पहरे में ही वे पवित्र सरोवर पर पूजा-अर्चना के लिए पहुंची जहां ब्रह्म घाट पर पुश्तैनी पुरोहित हरिगोपाल पाराशर ने मंत्रोचार सहित पूजा कराई। बाद में वे सीधे पुष्कर से किशनगढ हवाईअड्डे पहुंची जहां से विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गई। बाद में वे सीधे पुष्कर से किशनगढ हवाईअड्डे पहुंची जहां से विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गई।

## जलालाबाद में जोरदार धमाका, सात की मौत

**जलालाबाद, (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के पूर्वी नांगरहार प्रांत की राजधानी जलालाबाद बल्ख में करेंसी एक्सचेंज मार्केट में मंगलवार को जोरदार विस्फोट हुआ। पूर्वी नांगरहार प्रांतीय अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें अब तक नौ लोग घायल मिले हैं और सात की मौत हो गई है। हालांकि स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों ने इस पर ज्यादा टिप्पणी करने से मना किया। ये विस्फोट तब हुआ, जब एक निजी कंपनी की तेल गाड़ी मजदूरों को ले जा रही थी। बाद में उत्तरी प्रांत के पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजेरी ने कहा कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे बल्ख में एक बस में धमाका हुआ, जो हेयरटन तेल के कर्मचारियों की थी। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बस में सवार कर्मचारी किसके लिए काम कर रहे थे। वजेरी ने कहा कि बल्ख पुलिस वाहन में हुए विस्फोट के पीछे एक अपराधी की तलाश कर रही है।

## कोलकाता पुलिस ने परेश रावल को तलब किया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अभिनेता परेश रावल को गुजरात में एक चुनावी रैली में बंगालियों पर की गई उनकी टिप्पणियों पर कोलकाता पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक कोलकाता पुलिस ने परेश रावल को सोमवार को मौजूद रहने को कहा है। पूर्व सांसद और माकपा नेता मोहम्मद सलीम ने परेश रावल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। मोहम्मद सलीम ने पुलिस को लिखे अपने पत्र में कहा कि बड़ी संख्या में बंगाली राज्य की सीमा के बाहर रहते हैं। मुझे आशंका है कि परेश रावल द्वारा की गई भद्दी टिप्पणियों के कारण उनमें से कई को पूर्वाग्रह से निशाना बनाया जाएगा और प्रभावित किया जाएगा। वो चाहते हैं कि परेश रावल पर दुश्मनी को बढ़ावा देना, जानबूझकर अपमान करना, सार्वजनिक शरारत आदि भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए।

## तेलंगाना के सीएम की बेटी को फिर दिया समन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के शराब नीति घोटाले मामले को लेकर सीबीआई रविवार 11 दिसंबर को टीआरएस एमएलसी के कविता का बयान दर्ज करेगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता का बयान रविवार को सुबह 11 बजे उनके हैदराबाद स्थित आवास पर दर्ज किया जाएगा। इससे पूर्व के कविता को मंगलवार को दिल्ली शराब घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। जिस पर उन्होंने सीबीआई से कोई और तारीख देने का आग्रह किया था। टीआरएस की एमएलसी ने सोमवार को सीबीआई को पत्र में व्यस्त कार्यक्रम के चलते मंगलवार को आने में असमर्थता जताई थी। टीआरएस नेता ने 2 दिसंबर को पुष्टि की थी कि उन्हें सीबीआई द्वारा नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया था। हालांकि उन्होंने कहा था कि उनका नाम किसी भी तरह से प्राथमिकी में नहीं है। उन्होंने कहा था कि कहा कि उन्होंने प्राथमिकी की कॉपी की सामग्री के साथ-साथ केस के संबंध में वेबसाइट पर उपलब्ध शिकायत को देखा है और उनका नाम किसी भी तरीके से कहीं भी नहीं आया है।

## आज का इतिहास

- **1660:** एक महिला पहली बार इंग्लैंड में एक पेशेवर अभिनेत्री के रूप में मंच पर दिखाई दी, जिसे अक्सर मार्गरेट ह्यूज को श्रेय दिया जाता था।
- **1662:** ब्लेज पास्कल नामक फ्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ।
- **1724:** रॉयल प्रूसिया के टोरून में, पोलिश अफसरों ने टेंशनबेटिन प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक के बाद एस्किटी के मेयर और नौ अन्य लूथरन अधिकारियों को मार डाला।
- **1732:** थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया।
- **1787:** डेलावेयर यूएस संविधान की पुष्टि करने वाला पहला यूएसए राज्य।
- **1815:** मार्शल ने को पेरिस में जर्डिन डु लक्जमबर्ग के पास मार डाला।
- **1835:** भविष्य के यूएस अध्यक्ष जेम्स के. पोलक सदन के अध्यक्ष बने।

# शिंदे के मंत्रियों की बेलगावी यात्रा टली

## महाराष्ट्र-कर्नाटक में सीमा को लेकर गहराया विवाद

**बेलगावी, (एजेंसी) ।** महाराष्ट्र व कर्नाटक के बीच सीमा विवाद गहराता जा रहा है। इसके चलते महाराष्ट्र के दो मंत्रियों चंद्रकांत पाटिल और शंभुराज देसाई को मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी यात्रा को स्थगित करना पड़ी। ये मंत्री वहां जाकर ग्रामीणों से चर्चा करने वाले थे। कर्नाटक सरकार ने कहा कि उनकी यात्रा से वहां कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। जिलाधिकारी नीतेश पाटिल ने एक आदेश जारी कर बेलगावी में मंत्री चंद्रकांत पाटिल, शंभुराज देसाई और सांसद धीरशील माने के प्रवेश पर रोक लगा दी थी।



श्री देसाई ने बताया कि हमने अपनी बेलगावी यात्रा के बारे में हमने कर्नाटक सरकार को अधिकृत तौर पर सूचित किया था। उन्होंने कहा कि हमने यात्रा स्थगित की है, रद्द नहीं।

**अगली तारीख जल्द तय करेंगे:** श्री देसाई ने बताया कि हम अपने दौरे की अगली तारीख जल्द तय करेंगे। हम बेलगावी में मराठी भाषी लोगों से बात करेंगे। उनके साथ हम उस पैकेज पर चर्चा करेंगे, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री उन 850 गांवों के मराठी भाषी लोगों को देना चाहते हैं।

**पाटिल, देसाई समन्वयक नियुक्त:** गौरतलब है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद को लेकर लंबे समय से खींचतान चल रही है। महाराष्ट्र की शिवसेना (शिंदे गुट) और भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन सरकार ने मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभुराज देसाई को सीमा विवाद के समन्वय के लिए नियुक्त किया है। ये दोनों मंत्री मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी जाकर महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सीमा विवाद पर बातचीत करने वाले थे।

## कर्नाटक की सीमा पर पथराव महाराष्ट्र के छह ट्रक क्षतिग्रस्त

**कोल्हापुर, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच विवादित सीमा क्षेत्रों को लेकर बढ़ते तनाव के बीच कन्नड़ रक्षण वेदिका संगठन (केआरवीएस) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार बेलगाम-हिरेबगवाड़ी टोल प्लाजा पर कथित तौर पर पथराव किया और महाराष्ट्र के छह ट्रकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। केआरवीएस के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुणे-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर हायरेबगवाड़ी टोल प्लाजा पर महाराष्ट्र से कागल चेक पोस्ट से कर्नाटक में प्रवेश कर रहे ट्रकों को रोक दिया और ट्रकों पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिससे छह ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्नाटक पुलिस के जवानों कार्रवाई करते हुए आंदोलनकारियों को तितर-बितर कर दिया।केआरवीएस कार्यकर्ताओं ने पुणे-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग से महाराष्ट्र से कर्नाटक में प्रवेश करने वाले वाहनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है।

# राहुल का कोटा में होगा 11 हजार दीपों से स्वागत

### आज दीपोत्सव मनाने की तैयारी

**कोटा, (एजेंसी)।** कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के स्वागत के लिए कोटा शहर सजधज कर तैयार है। कोटा शहर के ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब की पाल पर श्री गांधी के स्वागत में 11 हजार दीपों की दीपमाला सजा कर दीपोत्सव मनाने की तैयारी है। इसके अलावा जगपुरा से चल कर बुधवार को शहर में प्रवेश के बाद श्री गांधी के जिन सड़क मार्गों से होकर गुजरने की संभावना है, उन्हें चकाचक चमका दिया गया है और जगह-जगह भव्य साज-सज्जा की गई है। पूरा रास्ता श्री गांधी के स्वागत में लिखी इबारत के बैनर-होर्डिंग से अटा पड़ा है जिनमें उनकी तस्वीर को प्रमुखता से स्थान दिया हुआ है।

सूत्रों के अनुसार कोटा शहर में प्रवेश के बाद यह कोशिश की जा रही है कि उन्हें शहर के उन चुनिंदा स्थलों की किसी न किसी रूप में झलक नजर आए जिनका पिछले करीब चार सालों के कांग्रेस के शासनकाल के दौरान कोटा (उत्तर) विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रदेश के नगरीय विकास एवं स्वायतत शासन मंत्री शांति धारीवाल के प्रयासों से पर्यटन की दृष्टि से विकास और नव निर्माण कर शहर को नए स्वरूप में ढाला गया है। नयापुरा इलाके में स्थित जिस ऐतिहासिक इमारत उम्मेद क्लब में श्री गांधी और कुछ खास मेहमानों के दोपहर के भोज का कार्यक्रम है। उसकी भव्य साज-सज्जा की गई है।

# रूस से एक बैरल तेल खरीदने पर भारत को 2470 रु. बचत

## रूस से सस्ता क्रूड ऑयल खरीदने पर यूक्रेन के विदेश मंत्री नाखुश

> रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग के बीच भारत को तगड़ा मुनाफा हो रहा है। इसकी वजह रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल मिलना है। पर ये बात यूक्रेन के एक मंत्री को नागवार गुजरी है, और उन्होंने इसे लेकर भारत पर कटाक्ष किया है।

**मास्को, (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने जहां रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, तो उसने डिस्काउंटेड रेट पर भारत और चीन जैसे बड़े देशों को कच्चा तेल बेचना शुरू कर दिया। भारत को भी इसका जबरदस्त फायदा हुआ और उसे प्रत्येक बैरल कच्चे तेल पर लगभग 30 डॉलर ( 2470 रु.) की बचत हो रही है। पर ये बात यूक्रेन के विदेश मंत्री डिमित्रो कुलेबा को बिलकल रास नहीं आई और उन्होंने ये बड़ी बात कही है।

**यूक्रेन के विदेश मंत्री बोले, आपकी मदद करना हमें अच्छा लगेगा:** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक भारतीय न्यूज



चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत को सस्ते दामों पर रूसी तेल खरीदने का मौका मिला है। पर ये बात किसी से छिपी नहीं कि इसकी कीमत रूस के आक्रामक रवैये के चलते रोजाना यूक्रेन के लोगों को भुगतनी पड़ रही है और वे हर रोज मर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारी तकलीफों से आपको फायदा हो रहा है, तो आपकी ओर से हमारी मदद किया जाना हमें अच्छा लगेगा।

**विदेश मंत्री के बयान का जवाब:** दिमित्रो कुलेबा का ये बयान भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के सोमवार को दिए वक्तव्य पर आया है। एस.जयशंकर ने कहा था कि इस साल फरवरी से नवंबर के बीच यूरोपीय संघ के देशों ने रूस से जीवाश्म ईंधन की खरीद कई देशों से ज्यादा की है। उनका ये बयान भारत के रूस से तेल खरीदने पर जताई जा रही नाराजगी को लेकर आया था।

**भारत को ऐसे हो रहा रूसी तेल से मुनाफा:** रूस से आयातित क्रूड ऑयल से भारत को करीब 35,000 करोड़ रुपए का फायदा हो चुका है।

### रुस का यूक्रेन में बड़े पैमाने पर हमला, 17 लक्ष्यों को ढेर किया

**मास्को, (एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूस के भीतर स्थित दो सैन्य हवाईअड्डों पर सुबह ड्रोन हमला किया, जिसमें तीन रूसी सैनिकों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सोवियत निर्मित जेट ड्रोन ने रूसी लंबी दूरी के विमानों को निष्क्रिय करने के प्रयास में मास्को के पास रियाज़ान क्षेत्र में डायगिलेवो हवाई क्षेत्र और सेराटोव क्षेत्र में एंगेल्स हवाई क्षेत्र को निशाना बनाया। रूसी वायु रक्षा ने कम ऊंचाई पर उड़ रहे यूक्रेनी ड्रोनों को रोक दिया, लेकिन ड्रोन के टुकड़ों के गिरने और विस्फोट से हवाई क्षेत्र में दो विमानों को थोड़ा नुकसान पहुंचा। तकनीकी कर्मचारियों के तीन रूसी सैनिकों की मौत हो गई और दुर्लभ लंबी दूरी के हमले में चार और सैनिक घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा कि रूस ने जवाबी कार्रवाई में उच्च परिशुद्धता वाले हवा और समुद्र आधारित हथियारों के साथ बड़े पैमाने पर हमला किया, 17 लक्ष्यों को निशाना बनाया।

भारत जोड़ो यात्रा झालावाड़ में



झालावाड़ जिले में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान संगीतकारों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

# अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस उमरे मुख्यालय में मनाया गया

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** मंगलवार को उमरे, मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 67वाँ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया । इस अवसर महाप्रबंधक, उमरे, प्रयागराज **सतीश कुमार** ने सर्वप्रथम बाबा साहेब को श्रद्धांजली अर्पित की। तत्पश्चात अपर महाप्रबंधक सी. पी. गुप्ता सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजली अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुएबताया कि बाबा साहेब के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें । बाबा साहेब के आदेशों एवं निर्देशों का अनुपालन करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। अन्य वक्ताओं में दिनेश कुमार, जोनल कोषाध्यक्ष, लालसा राम, जोनल सचिव, अखिल भारतीय रेल कर्मचारी अनुसूचित जाति/जनजाति एसोसिएशन आदि ने बाबा साहेब भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखते हुए उन्हे नवजागरण का अग्रदूत, समतामूलक समाज का निर्माणकर्ता और आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/नि. एवं औ.स. द्वारा किया गया।

### प्रयागराज मण्डल में श्रद्धांजलि अर्पित

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मंगलवार को संकल्प सभा कक्ष में भारत रत्न डॉ अम्बेडकर जी का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की फोटो पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प चड़ा कर श्रद्धांजलि प्रदान की गई, जिसके उपरांत मंडल के शाखा अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों द्वारा डॉ अम्बेडकर जी की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एससी/एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव लालसा राम व अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पण कर डॉ अम्बेडकर जी को श्रद्धांजली प्रदान की गई तथा वक्ताओं द्वारा डॉ अम्बेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों / आदर्शो पर चलने की सीख प्रदान की गई।

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- क्या विधायक दे चुके हैं इस्तीफा

**जयपुर,(एजेंसी)।** राजस्थान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच का सियासी झगड़ा अब अदालत में पहुंच चुका है। जयपुर में 25 सितंबर को हुए सियासी घटनाक्रम के दौरान विधायकों और मंत्रियों के इस्तीफा देने के मामले में मंगलवार को राजस्थान हाई कोर्ट में सुनवाई हुई है।



हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा सचिव को नोटिस जारी किया है और इस मामले में दो सप्ताह में जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा कि क्या राजस्थान के विधायक और मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं। अभी क्या स्थिति है? इसके बारे में पूरी जानकारी दी जाए। वहीं, इस याचिका का राजस्थान सरकार की तरफ से विरोध किया गया है। सरकार ने कहा है कि ये जनहित याचिका नहीं है। ये जनता से जुड़ा हुआ मामला नहीं है। इसके जवाब में भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि मंत्री और विधायक इस्तीफा देकर काम करें तो यह जनता से जुड़ा मामला है।

## चुनाव आयोग की पीटीआई अध्यक्ष पद से इमरान को हटाने की प्रक्रिया शुरू

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पीटीआई अध्यक्ष पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। आयोग ने यह कदम तोशखाना मामले में उनको संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उठाया है। डॉन अखबार ने ईसीपी के एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से खबर दी कि पूर्व प्रधानमंत्री को नोटिस जारी किया गया है और मामले की सुनवाई के लिए 13 दिसंबर की तारीख तय की गई है। इमरान खान पर प्रधानमंत्री रहते हुए महंगी घड़ियों सहित मिले अन्य उपहारों को तोशखाना से रियायती दरों पर खरीदने के बाद मुनाफे पर बेचने का आरोप है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इस संबंध में गलत बयानी और झूठी घोषणा का आरोप लगाते हुए संविधान के अनुच्छेद 63(आई)(पी) के तहत इमरान खान को अयोग्य ठहरा दिया है।

## उमरे मुख्यालय में संरक्षा, समीक्षा बैठक आयोजित

### आईआरपीएसएम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल लॉन्च

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** मंगलवार को उमरे मुख्यालय में महाप्रबंधक उमरं सतीश कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन समीक्षा बैठक के दौरान आईआरपीएसएम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल लॉन्च किया गया।

बैठक में उमरे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक, झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। आईआरपीएसएम (इंडियन रेलवे प्रोजेक्ट्स सैंक्शन्स एंड मैनेजमेंट) एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है। इसके माध्यम से क्षेत्रीय रेलवे व प्रोडक्शन यूनिटें नए कार्यों तथा चल रहे कार्यों में मॉडिफिकेशन के प्रस्ताव को ऑनलाइन रूप से बनाने एवं रेलवे बोर्ड को वर्क्स प्रोग्राम, पिंक बुक एवं अन्य स्वीकृति पुस्तकों में समाहित करने व प्रेषित करने की भेजते हैं। यह आईआरपीएसएम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल उन कार्यों की निगरानी के लिए है जो बंद होने के लिए लंबित हैं।

## छठा पांटून पुल न बनने पर शिविर लगाने पुनर्विचार

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** अभा दंडी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा कि मेला प्रशासन माघ मेला को काफी दूर तक बसाता जा रहा है, लेकिन लोगों की सुविधा के लिए छठा पांटून पुल का निर्माण नहीं कर रहा जिससे कि लोगों को भारी परेशानी होती है ऐसे में दंडी परिषद के संत/ महात्मा सेक्टर-पांच में बसने के बारे में एक बार फिर से पुर्नविचार करेंगे।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर मेला प्रशासन सेक्टर- पांच में छठवां पांटून पुल का निर्माण नहीं करता है, तो वह लोग मेला क्षेत्र में बसने पर फिर से विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल मेला प्रशासन वीवीआईपी संस्थाओं को सेक्टर-एक, दो, तीन और चार में घुसाकर मनमानी जमीन और सुविधिएं आवंटित करता है और बाकी संत/ महात्माओं को सेक्टर- पांच से पीछे करता जा रहा है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज ने मेला प्रशासन के अफसरों को आदेश दिया है कि माघ मेले को भी महाकुंभ मेला-2025 की तरह बसाया जाए और शिविर लगाने वाले संत- महात्माओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए, तो ऐसे में मेला प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेश को गंभीरता से नही ले यहा है। कहा कि संत/महात्माओं और लाखों कल्पवासियों के सुविधा के लिये पांटून पुल छह के निर्माण कर बड़ी संख्या मे लोगों की समस्याओं के निस्तारण पर विचार क्यों नहीं कर रहा है ।

### माघ मेला 2022-23 के लिए प्रशासनिक तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा की गई। उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईसीसीसी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक जानकारी ली तथा बैठक के पश्चात मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए काम की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**नया रिकॉर्ड** एशिया के परमार्थ नायकों की सूची का 16वां संस्करण मंगलवार को जारी किया गया

# कमाई ही नहीं दान देने में भी अडानी अव्वल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** फोर्ब्स की एशिया की परमार्थ कार्य करने वाले नायकों की सूची में भारत के अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी शिव नादर और अशोक सूता के साथ-साथ मलेशियाई-भारतीय कारोबारी ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया को शामिल किया गया है।



एशिया के परमार्थ नायकों की सूची का 16वां संस्करण मंगलवार को यहां जारी किया गया। फोर्ब्स ने बयान में कहा कि बिना किसी रैंकिंग वाली इस सूची में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अग्रणी परोपकारी कार्य करने वाले लोगों को शामिल किया जाता है। **जून में किया था 60 हजार करोड़ रुपए दान करने का ऐलान:** अडानी ने इस साल जून में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 60,000 करोड़ रुपए (7.7 अरब डॉलर) परमार्थ कार्यों पर खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके बाद उन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह भारत के प्रमुख परोपकारी कार्य करने वाले व्यक्ति बन गए हैं। यह पैसा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कौशल विकास पर खर्च किया जाएगा। परमार्थ कार्यों पर यह राशि अडानी फाउंडेशन के माध्यम से खर्च की जाएगी। अडानी फाउंडेशन का गठन 1996 में किया गया था। हर साल यह फाउंडेशन भारत में 37 लाख लोगों की मदद करता है।

### शिव नादर कर चुके हैं 11,600 करोड़ रुपए का दान

अपनी मेहनत से अरबपति बने शिव नादर देश के प्रमख दानदाताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने शिव नादर फाउंडेशन के माध्यम एक दशक के दौरान एक अरब डॉलर परमार्थ कार्यों में लगाए हैं। इस साल उन्होंने फाउंडेशन को 11,600 करोड़ रुपये (14.2 करोड़ डॉलर) का दान दिया है। इस फाउंडेशन की स्थापना 1994 में हुई थी। नादर एचसीएल टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर हैं। उन्होंने फाउंडेशन की मदद से कई शैक्षणिक संस्थानोंज्मसलन स्कूलों और विश्वविद्यालयों की स्थापना की है।

**इन लोगों ने भी किया दान:** प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज अशोक सूता ने चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र के न्यास को 600 करोड़ रुपये (7.5 करोड़ डॉलर) देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस न्यास का गठन उन्होंने 2021 में किया था। क्वालालंपुर की निजी इक्विटी कंपनी क्रिएडर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मलेशियाई-भारतीय ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया क्रिएडर फाउंडेशन की मदद से मलेशिया और भारत में स्थानीय समुदायों को समर्थन देते हैं। यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी सह-स्थापना 2018 में की गई थी। इस साल मई में उन्होंने एक शिक्षण अस्पताल के निर्माण के लिए पांच करोड़ मलेशियाई रिंगिट (1.1 करोड़ डॉलर) देने की प्रतिबद्धता जताई है। वासुदेवन ने कहा, हमें खुशी है कि और लोग भी हमारे साथ इस काम में आगे आ रहे हैं। अब इस परियोजना के लिए पूरा वित्तपोषण मिल गया है।

# चोलापुर के बबिआव में जल्द बनेगा नया पावर हाउस : SDO चोलापुर



प्रखर दानगंज वाराणसी। चन्दौली सांसद और केबिनेट मंत्री डा महेंद्र नाथ पांडेय की पहल से चन्दौली लोकसभा में तीन नये पावर हाउस बनने है चोलापुर के बबिआव -चाही के बीच नया पावर हाउस बनने जा रहा है जिससे लगभग चालीस गांवों को फायदा मिलेगा और बिजली की समस्या से छुटकारा भी होगा रऊ्ड चोलापुर अमित कुमार के अनुसार लगभग पांच करोड़ की लागत में नये पावर का निर्माण होगा जिसकी जमीन बबिआव-और चाही के बीच चिंहित कर विभाग को जल्द मिल जायेगी।

विद्युत प्रतिनिधि जय प्रकाश पाण्डेय ने चोलापुर उपकेंद्र पर बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए चौपाल लगाई और कहा कि चोलापुर की जनता कै बिजली की समस्या का आगे सामना न करना पडे इसके लिए जल्द ही एक और नये पावर हाउस का निर्माण प्रस्तावित है उसके लिए जमीन चिन्हित कर निर्माण प्रारंभ होगा। । चौपाल में SDO बिजली अमित श्रीवास्तव भी ने बताया कि लगभग पांच करोड़ की लागत से 5टँ५ क्षमता का होगा जिसके निर्माण की पत्रावली भी प्राप्त हो गरी है 2024 से पहले बनकर तैयार भी हो जायेगा।

प्रस्त्रावित नये पावर हाउस के धंधे से धौरहरा,नियार,भदवा और दानगंज फिडर के लगभग चालीस गांवों की विधुत आपुति इसी पावर हाउस से होगी।

**दो जगहों से हटेगा हाईटेंशन तार**- दानगंज। सांसद विधुत प्रतिनिधि जय प्रकाश पाण्डेय के अनुसार सांसद चंदौली डा पांडेय की पहल से संभवतः पहली बार सांसद निधि से हाइटैशन तार दो जगह नियार स्थित प्राथमिक विद्यालय और दानगंज में लोचन सेठ के मकान के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन तार हटाया जायेगा। जिसका स्टीमेट का भुगतान सांसद निधि से होगा। चौपाल मे सुभाषचन्द्र सिंह, डा के के चौबे, प्रमोद पाण्डेय, राजीव पांडेय राहुल चौबे सहित दर्जनों उपस्थित रहे

## तीन चरणों में चलने वाले विशेष नियमित टीकाकरण अभियान को लेकर आयोजित हुआ कार्यशाला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नियमित टीकाकरण अभियान जिसमें 0 से 5 साल गर्भवती और धात्री के लिए संजीवनी की तरह कई तरह कई रोगों से बचाने का काम करता है। जिसको लेकर आशा और आशा संगिनी को लगातार प्रशिक्षण देकर क्षेत्र में शत-प्रतिशत नियमित टीकाकरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहमदाबाद पर आशा, एएनएम, एचवी एवं स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किया। बताया कि आगामी दिनों में 3 चरणों में विशेष नियमित टीकाकरण अभियान भी चलाया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष राय ने बताया कि नियमित टीकाकरण का विशेष अभियान 9 जनवरी से 20 जनवरी, 13 फरवरी से 24 फरवरी एवं 13 मार्च से 24 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसको लेकर टीकाकरण में लगने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा, एएनएम, सीएचओ, एचवी, स्टाफ नर्स को इस टीकाकरण को कैसे शत-प्रतिशत करना है, साथ ही ऐसे परिवार जो टीकाकरण से इनकार करते हैं उन्हें किस प्रकार से समझाना है उसको लेकर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सुद्दढ़ एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आशाओं द्वारा क्षेत्र में हेड काउंट सर्वे का कार्य दिए गये प्रारूप पर करेगी। जो प्रत्येक परिवारों का होगा। जिसमें वह परिवार के 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का नियमित टीकाकरण कार्ड, एमसीपी कार्ड के माध्यम से देखते हुए डियु टिका को फार्मेट पर दर्ज करेंगी। जिसकी निगरानी क्षेत्रीय आशा संगीनी, सीएचओ द्वारा करते हुऐ संकलित रिपोट स्थानीय एएनएम को उपलब्ध करायेगी। जो उपकेन्द्र के अन्तर्गत सभी आशाओं का संकलित कर ब्लॉक मुख्यालय पर जमा करेगी। आशाओं द्वारा सर्वे को ई कवच पोर्टल पर चढ़ाया जायेगा। जिसके आधार पर एएनएम अपने आईडी से टिकाकरण के पश्चात पोर्टल पर सुचानाओ को दर्ज करेगी। प्रशिक्षण में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार, बीसीपीएम मनीष कुमार, डब्ल्यूएचओ मानिटर अनिल श्रीवास्तव इत्यादि रहे।



## नेत्र प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का किया जाएगा आयोजन



प्रखर गाजीपुर। स्थानीय जनपद के विकास खंड मुहम्मदाबाद अंतर्गत मौजा नसीरपुर कला स्थित माता महाकाली मंदिर यूसुफपुर परिसर में आगामी 11 दिसंबर 2022 को नेत्र प्रशिक्षण व जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए माता महाकाली मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश जी ने बताया कि आने वाली आगामी 11 दिसंबर को मंदिर परिसर में ही नेत्र प्रशिक्षण व जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस संबंध में पत्र द्वारा आधिकारिक स्तर से उन्हें जानकारी दे दी गई है ।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम दिसंबर के महीने में ही रखा गया है। इसके अंतर्गत निशुल्क मोतियाबिंद का सफल इलाज व आंख से संबंधित अन्य रोगों की भी जांच होगी। यह नेत्र शिविर का आयोजन अंधता निवारण समिति के मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजीपुर के द्वारा आयोजित है। इसमें पिछले वर्ष लगभग 200 लोगों के आंखों की जांच की गई थी और आवश्यकता अनुसार पीड़ित रोगियों को ऑपरेशन भी किया गया था ।निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। जिन लोगों को आंख से संबंधित बीमारी थी उन्हें दवाओं से भी ठीक किया गया।मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस वर्ष भी निशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 300 लोगों की जांच तथा ऑपरेशन की आशा है। इस आयोजन में जिला के आई सर्जन डॉक्टर ए के राय तथा स्थानीय मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आंख चिकित्सक अभिनेश कुमार भी उपस्थित होंगे।

## फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति ने नगर नगर आयुक्त को चार सूत्रीय मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पूर्व निर्धारण घोषणा के अनुसार फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति सचिव अभिषेक निगम के नेतृत्व में सिगरा स्थित मुख्यालय पर हजारों की तादाद में जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए नगर आयुक्त नगर निगम को 4 सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से रोड चौड़ीकरण के नाम पर बी० एल० डब्ल्यू० स्थित वेंडिंग जोन को बिना वहां के पटरी व्यवसायियों को पुनः स्थापन के ही उजाड़ा जा रहा है। स्मार्ट सिटी द्वारा लहरतारा - चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे बनी दुकानों को स्ट्रीट वेंडरों को दिए जाने के बजाय शहरी लोगों को आवंटित किए जाने की तैयारी है। नगर निगम द्वारा पिछले दिनों स्पष्ट आश्वासन के बावजूद उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई पिछली बार वार्ता में हुकूलगंज के पटरी व्यवसायियों को जो वहां वर्षों से कार्य कर रहे थे उन्हें वहां से अलग हटाकर नए लोगों को वेंडिंग जोन में आवंटन किया गया। प्रत्येक वर्ष टाउन वेंडिंग कमेटी कि कम से कम 4 से 5 बैठक होनी चाहिए किंतु पिछले 2 वर्षों में एक भी बैठक नहीं आहूत की गई । नगर निगम नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने संपूर्ण समस्याओं को सुनते हुए कहा कि बी०एल०डब्ल्यू० के पटरी व्यवसायियों के पुनर्वास कराने के लिए कुछ स्थान चिन्हित कर नगर निगम प्रशासन को उपलब्ध कराएं। नाइट बाजार में 134 पथ विक्रेता की सूची को शामिल कर लिया गया है किंतु अभी किसी भी तरीके के दर का निर्धारण सुनिश्चित नहीं किया गया है पटरी व्यवसायियों की प्रतिदिन आजीविका चल सके जिससे इनके ऊपर इसके का आर्थिक बोझ ना बने इस बात का ध्यान रखते हुए किराया का निर्धारण किया जाएगा और शत प्रतिशत स्ट्रीट वेंडरों को प्राथमिकता दी जाएगी और किसी भी ठेकेदार तरीके के लोगों का आवंटन भी तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाएगा।

## पिकअप के धक्के से छात्रा की मौके पर मौत



प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरायबीरू गांव में रेलवे स्टेशन रोड पर बुधवार की सुबह दस बजे कोचिंग से पढ़कर घर जा रही एक छात्रा की पिकअप से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के दो मिनट बाद ही मौके पर पहुंची कोबरा पुलिस ने ड्राइवर सहित पिकअप को हिरासत में ले लिया। छात्रा 17 वर्षीय वंशिका विश्वकर्मा पुत्री धनन्जय विश्वकर्मा केराकत नगर के एक कोचिंग से पढ़कर साइकिल से अकबरपुर गांव अपने घर जा रही थी, स्टेशन रोड पर यश नर्सिंग होम के पास जब वह पंहुची तो पीछे से तेज गति से जा रही पिकअप ने धक्का मार दिया। जिससे वंशिका पिकअप के नीचे आ गई। घटना पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के दो मिनट के भीतर ही कोबरा पुलिस टीम के बाबूलाल राय और सुनील यादव मौके पर पहुंच गए और स्थानीय नागरिकों की सहायता से भाग रहे ड्राइवर को पकड़ लिया। पकडे गए ड्राइवर का नाम अखिलेश यादव है। वह चन्दवक थाना क्षेत्र के कछवन गांव का है। कुछ ही देर में सीओ गौरव शर्मा और कोतवाल संजय वर्मा भी घटना स्थल पर पहुंच गए और शव को सामुदायिक अस्पताल ले गए जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतका के परिजनों दादा बृजलाल, पिता धनंजय आदि का रो रो कर बुरा हाल है।

## जीएसटी विभाग के रेड की अफवाहों से बंद रही दुकाने



प्रखर गोरखपुर। पीपीगंज गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) विभाग के अधिकारियों के द्वारा पिछले 2 दिनों से बगल के जिले महाराजगंज मे जीएसटी चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की खबर लगते ही पीपीगंज बाजार की दुकानों की शटर अधिकतर बंद दिखी। बंद होने के कारण ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं ग्राहकों का कहना है शादी की सीजन चल रहा है किसी के घर में शादी है और किसी को जाना है पर बाजार बंद होने के कारण खरीदारी नहीं हो पा रही है। दुकानदारों से जब कुछ पत्रकारों ने पूछना चाहा तो कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं हुआ।

## 84 घाटों को स्वच्छ रखने एवं जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन क्लीन गंगा ग्रीन गंगा के तहत बुधवार को चेतसिंह घाट से लेकर हरिश्चंद्र घाट तक स्वच्छता स्वच्छता अभियान चलाया गया इसी क्रम में सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली के नेतृत्व में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन के मार्गदर्शन में सृजन सामाजिक विकास न्यास व 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने बृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रेंज चंदौली ने वहां पर उपस्थित सभी लोगो से आग्रह किये की गंगा नदी के कायाकल्प सुधारने के लिए सभी हितधारकों व श्रद्धालुओं को जन भागीदारी अति आवश्यक है गंगा हमारी मां है और इसे स्वेच्छ और साफ रखना हम सभी का फर्ज है सिर्फ किसी खास उत्सव के दिन ही नहीं बाकि हमेशा हमें नदियों को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करते रहना चाहिए सृजन सामाजिक विकास न्यास संस्था के अध्यक्ष अनिल सिंह ने काशी ने बताया कि सभी 84 घाटों व गंगा की सफाई के लिए समर्पित सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान शुरू किये अनिल कुमार सिंह हरीतिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर सभी को शपथ दिलाई घाटों के पुजारियों एवं नाविकों तथा दर्शनार्थियों को स्वच्छता हेतु जागरूक किए साथ तमिल संगमम कार्यक्रम में आए हुए श्रद्धालुओं को भी गंगा स्वच्छता के बारे में बताया गया एवं जागरूक किया गया साथ-साथ में उनका अभिवादन भी किया गया` इस अवसर पर महेंद्र मिश्रा उप कमांडेंटउ 95 बटालियन के निरीक्षक दिनेश सिंह यादव जवानों के साथ प्रवीण सिंह, अपर्णा वाजपाई निरीक्षक नगर निगम, विशाल प्रोटक्शन फोर्स के अनिरुद्ध सिंह अपनी पूरी टीम के साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्रमहाविद्यालय क्रास कन्ट्री रेस में धावकों ने दिखाया दमखम



प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम घुरहूपुर में स्थित लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय में बुद्धवार को पूर्वान्ह सवा नौ बजे आयोजित क्रास कन्ट्री रेस में प्रतिभाग करने आये धावकों ने दस हजार मीटर दौड़ में अपना दम खम दिखाते हुए निर्धारित दूरी को दौड़ते हुए पूरी कर विजेता ट्राफी और प्रशस्ति पर अपनी दावेदारी पेश किया। क्रास कन्ट्री रेस प्रतियोगिता में पहुँचे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने विजेता धावकों को जीत की ट्राफी देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि क्रास कन्ट्री रेस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दावको की कुल पन्द्रह टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में राजकीय महाविद्यालय सैदपुर, हड़िया पीजी कालेज प्रयागराज, समता पीजी कालेज सादात गाजीपुर, माँ दुर्गा गर्ल्स कॉलेज मूर्खा डोभी जौनपुर, राजा हरपाल सिंह पीजी कालेज सिंगरामऊ जौनपुर लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय की धावकों ने भाग लिया। वही पुरुष वर्ग में तिलकधारी पीजी कालेज जौनपुर, श्री गणेश राय पीजी कालेज कर्रा डोभी जौनपुर, पीजी कालेज गाजीपुर, राजकालेज जौनपुर, ठाकुर मतेश्वरसिंह पीजी कालेज जमालपुर, आदर्श ननकू राम महाविद्यालय रामगढ़ बरावा जौनपुर, लालती कुमुदेश्वर महिला महाविद्यालय,राजा हरपाल सिंह पीजी कालेज सिंगरामऊ जौनपुर, माँ दुर्गा गर्ल्स कॉलेज मूर्खा डोभी जौनपुर के धावकों ने भाग लिया। क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता में दस हजार मीटर दौड़ में तिलकधारी महाविद्यालय में धावक अरविन्द यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही महिला धावकों में प्रियांशू कुमारी राजकीय महाविद्यालय सैदपुर गाजीपुर ने दस हजार मीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रास कन्ट्री रेस में विजेता खिलाड़ियों के स्थान का पर्यवेक्षण डॉ अच्छेलाल यादव व रामानन्द ने किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, डॉ दिनेश तिवारी, प्रमुख रामपुर राहुल सिंह, नगर पंचायत अधिकारी अनुपम सिंह, आशुतोष सिंह, अशोक दूबे, विजेंद्र तिवारी, आदर्श तिवारी, वृजेश तिवारी, संजय उपाध्याय, विनोद तिवारी, नवीन सिंह, दयाशंकर सिंह "कक्कू नेता" संजय उपाध्याय, विपिन तिवारी, रत्नेश तिवारी, मुन्ना सिंह, शेखर जी, सतीष पाठक समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमुदेश्वरनाथ तिवारी ने संचालन डॉ जीपी पाठक प्राचार्य शारदा पीजी कालेज बदलापुर ने किया।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर याद कर किया गया नमन



प्रखर गोरखपुर। यांत्रिक कारखाना के मुख्य गेट पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यस आर बी के यू पूर्वोत्तर रेलवे के अध्यक्ष अमरजीत ने बताया संविधान निमार्ता देश के पहले कानून मंत्री 8 घंटे मजदूरो के हक में संविधान में प्रावधान करने वाले डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को मनाया जाता है। हमारे संविधान को तैयार करने में डॉ.भीमराव रामजी आंबेडकर की बड़ी भूमिका थी। दलितों की स्थिति में सुधार लाने के लिए उन्होंने काफी काम किया और छूआछूत जैसी प्रथा को खत्म करने में उनकी बड़ी भूमिका थी। इसलिए उनको बौद्ध गुरु माना जाता है। उनके अनुयायियों का मानना है कि उनके गुरु भगवान बुद्ध की तरह ही काफी प्रभावी और सदाचारी थे। उनका मानना है कि डॉ. आंबेडकर अपने कार्यों की वजह से निर्वाण प्राप्त कर चुके हैं। यही वजह है कि उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस या महापरिनिर्वाण दिन के तौर पर मानाया जाता है। इसी वजह से वह संविधान निमार्ता के तौर पर जाने जाते हैं। वह बड़े समाज सुधारक और विद्वान थे। उनका निधन 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली स्थित उनके घर पर हुआ था यानी आज उनकी पुण्यतिथि है। उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। श्रद्धांजलि सभा में यांत्रिक कारखाना के सभी कर्मचारियों ने भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला पंचायत राज अधिकारी ने नौगढ़ ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी को किया निलंबित

प्रखर पूर्वांचल नौगढ चंदौली। मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ब्रह्मचारी दुबे ने ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रसाद को अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सचिव महेंद्र नौगढ़ ब्लाक में तैनात थे। प्रेस नोट के माध्यम से बताया गया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र प्रसाद नौगढ़ विकासखंड में तैनात थे, जो विकासखंड नौगढ़ में आयोजित प्रत्येक तहसील दिवस में उपस्थित रहते हुए निर्देशित किए जाने के बावजूद ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा मोबाइल स्विचऑफ करने व संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने सहित पूर्व में नियुक्त ग्राम पंचायत का चार्ज वर्तमान सचिव ग्राम पंचायत को हस्तगत न करने सहित अन्य मामलों में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई थी। जिसके उपरांत डीपीआरओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए महेंद्र प्रसाद को निलंबन अवधि में विकासखंड नौगढ़ से सबद्ध कर दिया।

### यज्ञ समिति की आवश्यक बैठक संपन्न



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के हरदासपुर कला ग्राम पंचायत स्थित परासर (गिरि) ब्रह्म बाबा के तपोभूमि पर बाइस साल बाद होने वाला श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के वृहद कार्यक्रम के कुशल संपादन हेतु यज्ञ समिति के सदस्यों की आवश्यक बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। देर शाम तक चली बैठक में जन सहयोग , धन संचयन और शामिल उपकरणों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।साथ ही यज्ञ की भव्यता और व्यवस्था प्रबंधन पर भी लोगों से विचार विमर्श किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने तन-मन-धन से समर्थन करते हुए यज्ञ के कुशल संपादन की जिम्मेदारी लिया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी भृगु दास महाराज तथा संचालन रुद्र प्रताप सिंह ने किया।इस मौके पर संजय चौबे,धूपनाथ सिंह, मुकेश चौबे,अजय जायसवाल,राणा प्रताप चौबे, संतोष वर्नवाल,सत्वंत सिंह, रामभुवन राम,रामप्रवेश चौहान,हरिनाथ राम,घोष यादव,सुबास चौबे, सच्चिदानन्द पाण्डेय,रामनाथ पाल,पारस सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जनपद गोरखपुर के थाना खोराबार में अद्भुत चमत्कार से हैरत में है लोग 12 महीने की बछिया दे रही है 4 लीटर दूध



प्रखर गोरखपुर जिले के विकासखंड खोराबार ग्रामसभा झडवा में एक 12 महीने की गाय की बछिया का दूध निकलने के बाद कौतूहल का विषय बना हुआ है मौके पर पहुंचकर लोग उस बगिया की नंदी गाय मानकर पूजा आराधना करते नजर आ रहे हैं लोगों का कहना है कि या एक चमत्कार है यह घटना आश्चर्यचकित कर देने से आप भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे की एकमात्र 12 महीने की बछिया है बिना बच्चे दिए ही दूध दे रही है यह जानकारी उस वक्त हुई जब बछिया का दूध अपने से निकल रहा था।

### काशी में पंचकोसी मार्ग पर धड़ल्ले से चल रही शराब की दुकानें बंद हों - आशुतोष सिन्हा एमएलसी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने विधान परिषद के शीत कालीन सत्र के दौरान काशी के पंचकोशी यात्रा पर धड़ल्ले से चल रही शराब की दुकानों को बंद करने की मांग सदन में उठाई है उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि काशी भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी सम्पूर्ण विश्व की धार्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी है यहाँ की पंचकोशी यात्रा भगवान श्री राम के द्वारा अपने पिता जी श्री दशरथ को श्रवण कुमार के माता- पिता से मिले शाप से मुक्त करने के लिए की गई थी। इस पंचक्रोशी यात्रा के दौरान 108 शिवलिंग, 56 मंदिर, 11 विनयक, 10 अन्य शिव मंदिर,10 देवी, 4 विष्णु, 2 भैरव, और 14 अन्य देवताओं के छोटे मन्दिर हैं जिनका यात्रा के दौरान दर्शन पूजन का विधान है। जून में मा0 आबकारी मंत्री जी द्वारा बयान दिया गया जिसमें बताया गया कि अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा के 15 किलोमीटर की परिधि में शराब बिक्री पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। इसके तहत प्रतिबंधित क्षेत्र में आने वाली सभी शराब की दुकानों के लाइसेंस को निरस्त कर, इस क्षेत्र में पूर्ण रूप से शराबबंदी कर दी गई है। इसी तरह मथुरा-वृंदावन में भी शराब बंदी पहले से थी अगर ऐसी व्यवस्था अयोध्या, मथुरा- वृदांवन में है तो फिर धर्म और संस्कृति की राजधानी काशी में ऐसा अभी तक क्यों संभव नहीं हो पाया है?

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं